दैनिक
# भीम प्रज्ञा

PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026

2009 से स्थापित

सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-173 | झुंझुनू (राजस्थान) | रविवार, 17 मई, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्यः 5.00

**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

'रिश्तों की असली पहचान खुशियों की महफ़िल में नहीं, बल्कि कठिन समय की खामोशी में होती है। क्योंकि तालियां बजाने वाले बहुत मिल जाते हैं, पर गिरते हुए इंसान को संभालने वाले लोग ही जीवन की वास्तविक पूंजी होते हैं। '

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए

हेल्पलाइन - 9983040937

Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937

## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार
Contact No. 9983040937

**मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है**

## दिखावे के रिश्तों के दौर में सच्ची मित्रता की तलाश

आज का समय अजीब विडंबनाओं का समय है। इंसान पहले से कहीं अधिक लोगों से जुड़ा हुआ दिखाई देता है, लेकिन भीतर से उतना ही अकेला होता जा रहा है। मोबाइल की स्क्रीन पर हजारों 'फॉलोअर्स ', सैकड़ों 'फ्रेंड्स' और अनगिनत 'लाइक्स' देखकर लोग स्वयं को लोकप्रिय समझने लगे हैं। किसी की पोस्ट पर हजार प्रतिक्रियाएं आ जाएं, तो उसे लगता है कि उसके पास अपार सामाजिक पूंजी है। लेकिन जीवन का वास्तविक सच तब सामने आता है, जब कठिन समय दरवाजे पर दस्तक देता है। उस समय यह भीड़ धीरे-धीरे गायब हो जाती है और केवल वही व्यक्ति बचता है, जो बिना स्वार्थ के हमारे साथ खड़ा रहता है। इसलिए किसी ने बिल्कुल सही कहा है–

'भीड़ इकट्ठा करने से कोई अमीर नहीं होता, संकट के समय जो ढाल बनकर खड़ा हो जाए, वही असली मित्र होता है।' यहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है। मानव जीवन में मित्रता केवल एक सामाजिक संबंध नहीं, बल्कि भावनात्मक सुरक्षा का सबसे मजबूत आधार होती है। मित्र वह नहीं जो केवल खुशियों में तालियां बजाए, बल्कि वह है जो असफलताओं के अंधेरे में भी आपका हाथ थामे रहे। आज समाज में रिश्तों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन उनकी गहराई कम होती जा रही है। लोग संबंधों को भी अब उपयोगिता और लाभ के तराजू में तौलने लगे हैं। जब तक किसी से फायदा मिलता है, तब तक रिश्ता चलता है; जैसे ही स्वार्थ खत्म होता है, लोग दूरी बना लेते हैं। सोशल मीडिया ने इस दिखावे को और बढ़ा दिया है। लोग अपनी जिंदगी की चमकदार तस्वीरें दिखाकर दूसरों को यह विश्वास दिलाने की कोशिश करते हैं कि वे बेहद खुश और सफल हैं। लेकिन वास्तविकता यह है कि डिजिटल दुनिया की यह चमक कई बार भीतर की गहरी खालीपन को छिपाने का माध्यम बन जाती है। हजारों ऑनलाइन मित्र होने के बावजूद कई लोग मानसिक तनाव, अकेलेपन और अवसाद से गुजर रहे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण यही है कि उनके पास 'सुनने वाला' तो बहुत है, लेकिन 'समझने वाला' कोई नहीं। सच्चे मित्र की पहचान अच्छे समय में नहीं होती। अच्छे समय में तो हर कोई साथ खड़ा दिखाई देता है। जब व्यक्ति सफल होता है, धनवान होता है या प्रभावशाली पद पर होता है, तब उसके आस-पास लोगों की भीड़ लग जाती है। लोग उसकी प्रशंसा करते हैं, उसके करीब आने की कोशिश करते हैं और स्वयं को उसका शुभचिंतक बताते हैं। लेकिन जैसे ही परिस्थितियां बदलती हैं, वही लोग धीरे-धीरे दूरी बना लेते हैं। यही कारण है कि जीवन का कठिन समय इंसान को रिश्तों की असली पहचान करवा देता है। इतिहास और साहित्य ऐसे उदाहरणों से भरा पड़ा है, जहां एक सच्चे मित्र ने किसी व्यक्ति का जीवन बदल दिया। संकट में दिया गया साथ केवल सहायता नहीं होता, बल्कि वह टूटते हुए मन को जीने की ताकत देता है। जब पूरा संसार विरोध में खड़ा हो और उस समय कोई एक व्यक्ति विश्वास के साथ कहे– 'मैं तुम्हारे साथ हूं,' तो वही शब्द इंसान के लिए सबसे बड़ी पूंजी बन जाते हैं। आज का समाज दिखावे की मित्रता में उलझता जा रहा है। लोग जन्मदिन की पोस्ट डालकर, महंगे उपहार देकर या सार्वजनिक प्रशंसा करके मित्रता का प्रदर्शन करते हैं। लेकिन वास्तविक मित्रता प्रदर्शन नहीं, बल्कि समर्पण मांगती है। सच्चा मित्र वह है जो आपकी अनुपस्थिति में भी आपका सम्मान बनाए रखे, आपकी गलतियों पर आपको टोक सके और जरूरत पड़ने पर कठोर सच कहने का साहस रखे। यह भी सच है कि हर व्यक्ति को जीवन में बहुत अधिक मित्रों की आवश्यकता नहीं होती। यदि किसी इंसान के पास एक भी ऐसा व्यक्ति हो, जो उसके दु:ख में ढाल बनकर खड़ा हो जाए, तो वह वास्तव में अमीर है। क्योंकि असली अमीरी बैंक बैलेंस से नहीं, बल्कि उन रिश्तों से मापी जाती है जो कठिन समय में भी टूटते नहीं हैं।

आज जरूरत इस बात की है कि हम रिश्तों को संख्या की नजर से देखना बंद करें। हमें यह समझना होगा कि हजारों परिचितों की भीड़ से अधिक मूल्यवान वह एक इंसान है, जो हमारी खामोशी को भी समझ सके। रिश्तों में ईमानदारी, संवेदनशीलता और विश्वास को महत्व देना होगा। केवल स्वार्थ पर टिके संबंध लंबे समय तक नहीं चलते। वे अवसर के साथ बदल जाते हैं, जबकि सच्ची मित्रता समय और परिस्थितियों की हर परीक्षा में मजबूत होती जाती है। समाज में बढ़ती मानसिक अशांति और अकेलेपन का एक बड़ा कारण यही है कि लोग संबंधों की गुणवत्ता से अधिक उनकी संख्या पर ध्यान देने लगे हैं। बच्चों को भी अब यह सिखाने की जरूरत है कि जीवन में लोकप्रिय होना जरूरी नहीं, बल्कि भरोसेमंद होना जरूरी है। मित्रता का अर्थ केवल साथ घूमना या तस्वीरें साझा करना नहीं, बल्कि एक-दूसरे के दु:ख को महसूस करना है।

**अंततः** जीवन हमें यही सिखाता है कि भीड़ केवल शोर पैदा करती है, लेकिन सच्चा मित्र जीवन में सुकून लाता है। सुख के समय में साथ खड़े लोग तालियां बजा सकते हैं, लेकिन संकट के समय जो व्यक्ति ढाल बनकर खड़ा हो जाए, वही जीवन की सबसे बड़ी दौलत होता है। इसलिए रिश्तों की भीड़ जुटाने से अधिक जरूरी है, एक ऐसा इंसान कमाना जो आपके बुरे वक्त में भी आपका हाथ न छोड़े। क्योंकि 'सौ मतलबी दोस्तों से वह एक सच्चा मित्र बेहतर है, जो अंधेरे में भी आपके साथ खड़ा रहे। '

### फिल्ड में काम करने वालों को शेयर करने होंगे फोटो-वीडियो

## जनगणना-2026 के लिए टीमें रवाना; कहा-काम में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**झुंझुनूं** । जनगणना-2026 की शुरुआत शनिवार से हो गई है। फिल्ड में काम करने वाली टीमों के लिए एक कार्यक्रम किया गया। इसके बाद इन्हें फिल्ड में भेजा गया। यहां बताया गया कि फिल्ड में काम करने वाले प्रगणकों (Enumerators) और सुपरवाइजरों को फिल्ड से फोटो और वीडियो शेयर करने होंगे।




नगर परिषद झुंझुनूं ऑफिस में इसे लेकर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला जनगणना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर (एडीएम) अजय कुमार आर्य, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं सांख्यिकी विभाग की उप निदेशक पूनम कटेवा और नगर परिषद आयुक्त देवीलाल बोचलिया ने हरी झंडी दिखाकर जनगणना टीमों को रवाना किया।

**पारदर्शिता और गंभीरता पर विशेष जोर** - जिला जनगणना अधिकारी अजय कुमार आर्य ने कहा कि हर एक नागरिक और परिवार का डेटा पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ दर्ज किया जाए। जनगणना देश के भविष्य की योजनाओं का आधार होती है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी चार्ज अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रगणकों और सुपरवाइजरों के काम की रोजाना मॉनिटरिंग (समीक्षा) करें ताकि फील्ड में आने वाली व्यावहारिक दिक्कतों को तुरंत दूर किया जा सके। सभी चार्ज अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि फील्ड कार्य की प्रगति के साथ-साथ आयोजनों के फोटो और वीडियो तुरंत जिला स्तर पर साझा किए जाएं।

## खेतड़ी के हनुमान गढ़ी मंदिर में हुई चोरी, पुलिस ने मौका मुआयना किया



**भीम प्रज्ञा न्यूज.खेतड़ी।**

**हर्ष स्वामी** । ऐतिहासिक हनुमान गढ़ी मंदिर में चोरी की वारदात हुई। चोरों ने मंदिर के मुख्य गेट का ताला तोड़कर नकदी चुरा ली। मंदिर के पुजारी सुनील शर्मा ने पुलिस को सूचना दी। थानाधिकारी मोहनलाल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू की। थोड़ी देर बाद खेतड़ी डिप्टी जुल्फिक्कार अली भी दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। थानाधिकारी ने बताया - चोरी की सूचना पर घटनास्थल का मुआयना किया गया है। पुलिस संदिग्ध लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है। उन्होंने चोरों को जल्द पकड़ने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने पुलिस से प्रभावी गश्त करने और आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की।

## सीएमएचओ डॉ गुर्जर ने सीएचसी बिसाऊ का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर ने शुक्रवार को सीएचसी बिसाऊ का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई व्यवस्था एवं विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में हीट वेव से बचाव हेतु की गई व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए मरीजों एवं उनके परिजनों को राहत पहुंचाने के लिए पर्याप्त पेयजल, कूलर, पंखे, छायादार बैठने की व्यवस्था तथा ओआरएस कॉर्नर को नियमित रूप से संचालित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए हीट स्ट्रोक से बचाव के प्रति आमजन को जागरूक करना भी आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ ने अस्पताल परिसर, वार्ड, लेबर रूम, ओपीडी एवं शौचालयों की साफ-सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि अस्पताल परिसर में नियमित सफाई, बायो मेडिकल वेस्ट का सही निस्तारण तथा मरीजों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को गुणवत्तापूर्ण एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलनी चाहिए।

सीएमएचओ डॉ गुर्जर ने संस्थागत प्रसव को बढ़ाने पर विशेष जोर देते हुए गर्भवती महिलाओं की समय पर जांच, हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की पहचान एवं नियमित फॉलोअप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि अधिक से अधिक प्रसव संस्थागत स्तर पर करवाकर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के प्रयास किए जाएं। उन्होंने किशोरियों में



एचपीवी वैक्सीन के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं पात्र बालिकाओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान विद्यालयों एवं समुदाय स्तर पर जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने पर भी चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना (मां योजना) की भी समीक्षा की गई। सीएमएचओ ने योजना के अंतर्गत पैकेज बुकिंग की स्थिति, क्लेम प्रोसेस एवं रिजेक्शन मामलों की जानकारी लेते हुए अनावश्यक रिजेक्शन कम करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित कार्मिकों को दस्तावेजों की गुणवत्ता सुधारने, समय पर ऑनलाइन एंट्री करने एवं मरीजों को योजना का अधिकतम लाभ दिलाने के लिए गंभीरता से कार्य करने को कहा। इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारी एवं अस्पताल स्टाफ मौजूद रहा।

## ऑनलाइन व नकली दवाइयों के विरोध में 20 मई को मुंडावर के मेडिकल स्टोर रहेंगे बंद, केमिस्ट एसोसिएशन ने दिया समर्थन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेश चन्द** । मुंडावर,ऑनलाइन दवाइयों की बिक्री पर रोक लगाने और नकली दवाइयों के निर्माण के विरोध में मुंडावर क्षेत्र के सभी मेडिकल स्टोर 20 मई 2026, बुधवार को पूर्ण रूप से बंद रहेंगे। यह निर्णय मुंडावर केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा राजस्थान केमिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रव्यापी आह्वान के समर्थन में लिया गया है। मुंडावर केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष तनवानी और महासचिव रामचरण गुप्ता ने संयुक्त रूप से राजस्थान केमिस्ट एसोसिएशन, जयपुर के अध्यक्ष को पत्र लिखकर बंद को पूर्ण समर्थन दिया है। एसोसिएशन ने एआईओसीडी और राज्य कार्यकारिणी द्वारा दवा व्यवसायियों के हितों और आम जनता के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए किए जा



रहे प्रयासों की सराहना की है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि 20 मई को घोषित राष्ट्रव्यापी बंद के दौरान मुंडावर और आसपास के क्षेत्र में कोई भी केमिस्ट अपनी दुकान नहीं खोलेगा। इस बंद को सफल बनाने के लिए सभी स्थानीय दवा विक्रेताओं ने एकजुटता दिखाते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है।दवा व्यवसायियों का कहना है कि ऑनलाइन दवाइयों की अनियंत्रित बिक्री से न केवल उनके व्यापार पर संकट खड़ा हो गया है, बल्कि बाजार में नकली दवाइयों के आने का खतरा भी बढ़ गया है, जो सीधे तौर पर आम जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ है।


## शिक्षकों की ग्रीष्मकालीन अवकाश कटौती का विरोध, झुंझुनूं से 150 शिक्षक आज कोटा के लिए करेंगे कूच

**शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के विधानसभा क्षेत्र रामगंजमंडी में कल होगी महारैली**

### संघर्ष समिति संयोजक उम्मेद सिंह डूडी ने लिया तैयारियों का जायजा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) द्वारा शिक्षकों की ग्रीष्मकालीन अवकाश कटौती एवं प्रधानाचार्य अधिकृत अवकाश में कटौती के विरोध में प्रदेशव्यापी क्रमिक आंदोलन चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज, 17 मई को झुंझुनूं जिले से करीब 150 शिक्षक शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के विधानसभा क्षेत्र रामगंजमंडी (कोटा) के लिए प्रस्थान करेंगे। जहाँ 18 मई को शिक्षक लोकतांत्रिक तरीके से रैली निकालकर सरकार के खिलाफ अपना आक्रोश दर्ज कराएंगे। प्रदेश संघर्ष समिति के संयोजक उम्मेद




सिंह डूडी ने शनिवार को जिले के शीर्ष पदाधिकारियों के साथ बैठक कर प्रस्थान की तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। संयोजक उम्मेद सिंह डूडी ने बताया कि शिक्षकों को कोटा ले जाने के लिए संगठन द्वारा दो विशेष बसों और छोटे वाहनों की व्यवस्था की गई है: पहली बस आज शाम 8:00 बजे पिलानी से रवाना होगी, जो सूरजगढ़, बुहाना, सिंघाना और खेतड़ी होते हुए जयपुर-कोटा के लिए आगे बढ़ेगी। दूसरी बस रात्रि 9:00 बजे झुंझुनूं मुख्यालय से रवाना होकर उदयपुरवाटी होते हुए जयपुर-कोटा के लिए कूच करेगी। इन बसों के अलावा जिले के विभिन्न पदाधिकारी और सक्रिय सदस्य अपनी निजी गाड़ियों व छोटे वाहनों से भी रामगंजमंडी पहुंच रहे हैं। दौरे के दौरान डूडी ने प्रदेश और जिला कार्यकारिणी के प्रमुख चेहरों से फीडबैक लिया। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी के रणवीर गोदारा, सुबेंद्र बिजारणियां, निरंजन शर्मा, महेश सैनी, जिला अध्यक्ष अशोक कुलहरि, जिला मंत्री सुदेश यादव सहित विभिन्न ब्लॉकों के अध्यक्ष और ब्लॉक मंत्री मौजूद रहे, जिन्हें जिम्मेदारीपूर्वक अधिक से अधिक शिक्षकों को जोड़ने और अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

## भाजपा कोर कमेटी की बैठक में विभिन्न अभियानों और संगठनात्मक गतिविधियों की हुई समीक्षाः डॉ अरूण चतुर्वेदी

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**जयपुर** । भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कोर कमेटी की बैठक में प्रदेशभर में चल रहे विभिन्न अभियानों एवं संगठनात्मक गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में राजस्थान सरकार द्वारा किसानों के हितों को लेकर निकाली जा रही ग्राम रथ यात्रा पर संतोष व्यक्त किया गया। डॉ चतुर्वेदी ने कहा कि इसके माध्यम से सरकार किसानों तक अपनी योजनाओं और संकल्पों को प्रभावी रूप से पहुंचाने में सफल हो रही है। बैठक में नीट परीक्षा प्रकरण पर भी विस्तार से चर्चा हुई। कांग्रेस द्वारा इस विषय पर राजनीति किए जाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया गया। कोर कमेटी ने कहा कि नीट परीक्षा में अनियमितताओं की शुरुआत नासिक से हुई, जो आगे पुणे, गुरुग्राम होते हुए देशभर तक पहुंची। इसके बावजूद कांग्रेस, विशेषकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, इस मुद्दे को राजनीतिक रंग देने का प्रयास कर रहे हैं। जब कि केंद्र सरकार ने तुरंत कार्रवाई करते हुए परीक्षा रद्द की तथा मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी। अशोक गहलोत सरकार के समय राजस्थान में रीट परीक्षा प्रकरण को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा लगातार सीबीआई जांच की मांग की गई थी, लेकिन उस समय जांच नहीं कराई गई। भाजपा सरकार बनने के बाद इस मामले से जुड़े तारों को जोड़ते हुए दोषियों को कटघरे में खड़ा करने का कार्य किया गया।

## सुजावलपुर में गूंजा नशा मुक्त भारत का संकल्प, नाटक ने झकझोरे दिल

**भीम प्रज्ञा न्यूज.श्रीगंगानगर।**

राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, सुजावलपुर में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत श्रीगंगानगर को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'ऑपरेशन सीमा संकल्प' के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव एवं पुलिस अधीक्षक हरीशंकर के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों, ग्रामीणों, अभिभावकों और गणमान्य नागरिकों ने नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से प्रस्तुत नाटक 'अंधेरे से उजाले की ओर' रहा। नशा मुक्त श्रीगंगानगर अभियान 'ऑपरेशन सीमा' के सह-प्रभारी विक्रम ज्याणी एवं उनकी टीम के सदस्य सहीराम और लक्ष्या ज्याणी ने नाटक के



माध्यम से नशे की भयावहता और उससे परिवारों व समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। नाटक के दौरान मंच से गूंजे संवाद 'जलते घरों को देखने वालों, फूस का छप्पर आपका है...' ने उपस्थित लोगों को गहराई से सोचने पर मजबूर कर दिया। प्रस्तुति इतनी मार्मिक रही कि कई दर्शकों की आंखें नम हो गईं।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत हिंदुमलकोट के प्रशासक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं बीएसएफ हिंदुमलकोट के कंपनी कमांडर, थाना प्रभारी हिंदुमलकोट, रमेश ठकराल एवं पीईईओ हिंदुमलकोट विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अतिथियों ने नशे को समाज के लिए गंभीर चुनौती बताते हुए युवाओं से नशे से दूर रहकर शिक्षा, संस्कार और सकारात्मक जीवन की राह अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर संस्था प्रधान उमेश लोहीया ने अपने बच्चों के जन्म उपलक्ष्य में नव प्रवेशित विद्यार्थियों को ड्रेस और जूते वितरित किए। उनकी इस पहल से विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे और कार्यक्रम सेवा व सामाजिक सरोकार का उदाहरण बन गया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम के दौरान युवा टीम की ओर से विद्यालय को 30 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। वहीं रमेश ठकराल ने शाला की पूर्व कार्मिक स्वर्गीय सोमा ठकराल की स्मृति में 21 हजार रुपए का सहयोग दिया। यह सहयोग शिक्षा और संस्कारों के प्रति समाज की गहरी आस्था का प्रतीक रहा।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, अभिभावक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर नशा मुक्त समाज बनाने की शपथ ली। आयोजन के सफल संचालन में विद्यालय स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। संस्था प्रधान उमेश लोहीया ने संबोधित करते हुए कहा कि यदि समाज आज नशे के खिलाफ जागरूक नहीं हुआ, तो आने वाला समय और कठिन हो सकता है। उन्होंने कहा कि नशा केवल व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को अंधेरे की ओर धकेलता है। इसलिए सभी को मिलकर संकल्प लेना होगा कि 'नशा नहीं, शिक्षा चुनें... अंधेरे नहीं, उजाले की ओर बढ़ें। '

# बच्चों की ग्रोथ जानने के लिए कराएं ये 5 जरूरी टेस्ट, हर पेरेंट्स को होनी चाहिए इसकी जानकारी



हर माता–पिता की यह चाहत होती है कि उनका बच्चा सेहतमंद, तंदुरुस्त और अपनी उम्र के हिसाब से अच्छे से विकास करे। बच्चे का कद, वजन, मानसिक विकास और शारीरिक क्षमता सही दिशा में बढ़ रही है या नहीं, यह जानना बहुत ज़रूरी होता है। केवल बाहरी लक्षणों को देखकर अंदाज़ा लगाना हमेशा सही नहीं होता। कई बार बच्चों की ग्रोथ धीमी हो रही होती है लेकिन मां–बाप को इसका पता देर से चलता है। ऐसे में समय–समय पर कुछ ज़रूरी मेडिकल टेस्ट करवा लेना बहुत फायदेमंद साबित हो सकता है। डॉक्टर भी सलाह देते हैं कि बच्चों की सही ग्रोथ जानने और किसी परेशानी की पहचान करने के लिए कुछ बेसिक हेल्थ टेस्ट ज़रूर करवाए जाने चाहिए। ये टेस्ट पोषण, ग्रोथ हार्मोन और शरीर के बाकी ज़रूरी फंक्शन को समझने में मदद करते हैं।

### ग्रोथ हार्मोन लेवल टेस्ट

यह टेस्ट यह पता लगाने के लिए किया जाता है कि बच्चे के शरीर में ग्रोथ हार्मोन सही मात्रा में बन रहा है या नहीं। अगर ग्रोथ हार्मोन की कमी हो जाए, तो बच्चे की हाइट रुक सकती है और ओवरऑल ग्रोथ भी धीमी हो सकती है। इस टेस्ट से यह भी जाना जा सकता है कि बच्चा अक्सर थका–थका क्यों रहता है, मांसपेशियां कमजोर क्यों हैं और कद क्यों नहीं बढ़ रहा। अगर कोई दिक्कत मिले, तो सही समय पर इलाज शुरू किया जा सकता है।

### थायरॉइड फंक्शन टेस्ट

थायरॉइड हार्मोन शरीर के विकास और दिमाग की ग्रोथ में बहुत अहम रोल निभाता है। अगर थायरॉइड में गड़बड़ी हो जाए, तो बच्चे की ग्रोथ रुक सकती है, वजन अचानक बढ़ या घट सकता है और बच्चा सुस्त पड़ सकता है। इस टेस्ट से यह भी पता लगाया जा सकता है कि बच्चा पढ़ाई में ध्यान क्यों नहीं दे पा रहा या हर समय थका–थका क्यों लगता है।

### विटामिन डी और कैल्शियम लेवल टेस्ट

बच्चों की हड्डियों की मजबूती के लिए विटामिन डी और कैल्शियम बहुत जरूरी हैं। अगर इनकी कमी हो जाए, तो बच्चे की हड्डियां कमजोर हो सकती हैं, चलने में देरी हो सकती है और बार–बार मांसपेशियों में खिंचाव या दर्द की शिकायत हो सकती है। इस टेस्ट से हड्डियों की हेल्थ का अंदाजा लगता है और जरूरत पड़ने पर सप्लीमेंट या डाइट में बदलाव किया जा सकता है।

### हीमोग्लोबिन और आयरन लेवल टेस्ट


हीमोग्लोबिन और आयरन की कमी बच्चों में थकान, चिड़चिड़ापन और विकास में रुकावट का कारण बन सकती है। अगर बच्चा बार–बार बीमार पड़ता है, खाना नहीं खाता या ध्यान नहीं लगाता, तो यह टेस्ट जरूर करवाएं। यह टेस्ट पोषण स्तर और एनीमिया जैसी दिक्कतों की पहचान करता है ताकि सही इलाज शुरू हो सके।

### ब्लड शुगर और मेटाबॉलिज्म प्रोफाइल

यह टेस्ट यह बताता है कि बच्चे का शरीर खाने को कैसे पचा रहा है और ऊर्जा में कैसे बदल रहा है। अगर बच्चा मोटा हो रहा है, बार–बार प्यास लग रही है, कमजोरी महसूस कर रहा है या अचानक वजन बढ़ या घट रहा है, तो यह टेस्ट करवाना जरूरी है। इससे डायबिटीज या मेटाबॉलिज्म से जुड़ी समस्याओं का भी पता चलता है। समय रहते डॉक्टर की सलाह लेकर ये टेस्ट करवा लेने से किसी भी बड़ी परेशानी से बचा जा सकता है और बच्चे को सेहतमंद भविष्य दिया जा सकता है।

# किसी से भी मिलने में शर्माता है बच्चा, ऐसी टिप्स जो झिझक को करेगी दूर

**सोशल स्किल्स यानी सामाजिक कौशल हर इंसान के लिए बहुत ज़रूरी होते हैं। जो लोग बिना झिझक के किसी से भी बात कर लेते हैं उन्हें न सिर्फ उनकी पर्सनल लाइफ में बल्कि प्रोफेशनल लाइफ में भी बहुत फायदा होता है। ऐसे लोग ज़िंदगी की दौड़ में अक्सर आगे रहते हैं और कई बार लीडिंग रोल भी निभाते हैं।**



सोशल स्किल्स का विकास बचपन से होता है

लोगों में ये सोशल स्किल्स बचपन से ही विकसित होने लगती हैं। सभी माता–पिता यही चाहते हैं कि उनका बच्चा स्कूल में अच्छा प्रदर्शन करे। वे चाहते हैं कि उनका बच्चा मॉनीटर बने, क्लास रिप्रेजेंटेटिव बने, हेड बॉय या हेड गर्ल बने और जब वो स्कूल से बाहर आए तो काम की जगह भी लीडिंग रोल निभाए।

झिझकने वाले बच्चों के लिए पेरेंट्स की चिंता

लेकिन कई बच्चे दूसरों से बात करने में शर्माते हैं, वे झिझकते हैं। ऐसे बच्चों को लेकर माता–पिता बहुत चिंतित हो जाते हैं। उन्हें डर होता है कि कहीं उनके बच्चे का भविष्य खतरे में तो नहीं है। पेरेंट एजुकेटर अर्पिता अक्षय पिथावा कहती हैं कि ऐसे शर्माने वाले बच्चों को सही तरीके से समझाया जाए तो उनकी झिझक दूर हो सकती है। इससे बच्चों की सोशल स्किल्स में सुधार होता है और वे ज्यादा आत्मविश्वासी बनते हैं।

बच्चे की सोशल स्किल्स कैसे सुधारें

इंट्रोवर्ट होना बुरा नहीं है: पेरेंट्स को यह समझना बहुत ज़रूरी है कि इंट्रोवर्ट होना बुरा नहीं होता। अगर बच्चे के सामने बार–बार ये कहा जाए कि वह बहुत शर्माता है या किसी से बात नहीं करता, तो इससे बच्चे का कॉन्फिडेंस कम हो जाता है। इसलिए पेरेंट्स को बच्चे के सामने इस तरह की बातें नहीं करनी चाहिए।

अपनी कहानियां बच्चे से शेयर करें: अपने बचपन की या अपनी ऑकवर्ड कहानियों को बच्चे के साथ शेयर करें। उसे बताएं कि जब आप पहली बार ऑफिस गए थे तो आपका दिन कैसा गुजरा था। इससे बच्चे के दिमाग में यह बात बनती है कि पहले और अब के समय में आपके भीतर कितना बदलाव आया है। इस तरह बच्चे खुद भी प्रेरित होते हैं।

गेस्ट आने से पहले बच्चे को तैयार करें: अगर घर में कोई मेहमान आने वाला है या आप कहीं जाने वाले हैं, तो बच्चे को पहले से तैयार करें। उसे समझाएं कि जब मेहमान आए तो उन्हें कैसे नमस्ते या हाय–हैलो कहना है। इंट्रोवर्ट बच्चे अचानक से यह नहीं समझ पाते कि दूसरों के सामने कैसे व्यवहार करना चाहिए। इसलिए बच्चे को पहले से प्रिपेयर करना बहुत जरूरी होता है।

रोल प्ले खेलें: रोल प्ले एक बहुत अच्छा तरीका है बच्चों की सोशल स्किल्स बढ़ाने का। आप बच्चे के साथ रोल प्ले खेल सकते हैं, जिसमें आप टीचर बनें और बच्चा स्टूडेंट। इस तरह बच्चा बातचीत करना और खुद को व्यक्त करना सीखता है। इससे उसके कॉन्फिडेंस में भी वृद्धि होती है।

हमउम्र बच्चों के साथ खेलना: अपने बच्चे के उम्र के दूसरे बच्चों को घर बुलाएं। हमउम्र बच्चों के साथ खेलना और बातचीत करना बच्चे के लिए घुलने–मिलने को आसान बनाता है। इससे बच्चे की कम्युनिकेशन स्किल्स भी बेहतर होती हैं और वह दूसरों के साथ सहज महसूस करता है।

अगर माता–पिता इन तरीकों को अपनाएं तो बच्चों में सोशल स्किल्स का विकास होता है और उनकी झिझक भी दूर होती है। इससे बच्चे स्कूल और जीवन दोनों में आगे बढ़ सकते हैं।



# क्या सच में दूध पीने से बढ़ती है बच्चों की हाइट?

**बचपन में सही पोषण और हेल्दी लाइफस्टाइल बच्चे के संपूर्ण विकास के लिए बहुत जरूरी है। यह न सिर्फ उसकी हाइट, हड्डियों की मजबूती बल्कि दिमागी विकास में भी मदद करता है। हर माता–पिता चाहते हैं कि उनका बच्चा लंबा, तंदुरुस्त और तेज़ दिमाग वाला हो। इसलिए वे बच्चों के खानपान का खास ध्यान रखते हैं।**



### क्या दूध पीने से बच्चों की हाइट बढ़ती है?

दूध को पारंपरिक रूप से संपूर्ण आहार माना जाता है। इसमें मौजूद कैल्शियम, प्रोटीन और विटामिन्स बच्चों की हड्डियों और मांसपेशियों को मजबूत करते हैं। अक्सर हम सुनते हैं कि दूध पीने से लंबाई बढ़ती है। डॉक्टरों का कहना है कि दूध सीधे तौर पर लंबाई नहीं बढ़ाता लेकिन यह उन पोषक तत्वों की पूर्ति करता है जो हाइट ग्रोथ में मदद करते हैं। यानी अगर दूध को बैलेंस डाइट और एक्टिव लाइफस्टाइल के साथ लिया जाए तो यह हाइट बढ़ाने में मददगार हो सकता है।

### हाइट किन बातों पर निर्भर करती है?

अनुवांशिकता : माता–पिता की हाइट का सीधा असर बच्चों पर पड़ता है। अगर माता–पिता लंबे हैं तो बच्चों के लंबे होने की संभावना ज्यादा होती है।

पोषण : सही और संतुलित पोषण से हड्डियों और मांसपेशियों का विकास सही ढंग से होता है। बच्चों की डाइट में प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन और जरूरी विटामिन्स होना चाहिए।

फिजिकल एक्टिविटी: योग, स्ट्रेचिंग, स्विमिंग और आउटडोर खेल बच्चों की हड्डियों को मजबूत बनाते हैं। माता–पिता बच्चों के साथ समय बिताएं और उन्हें एक्टिव रखें।

नींद: गहरी नींद के दौरान ग्रोथ हार्मोन रिलीज होते हैं। बच्चों को हर दिन 8–10 घंटे की नींद जरूर देनी चाहिए।

### दूध पीने का सही समय और तरीका

दूध सुबह या रात को सोने से पहले देना सबसे अच्छा माना जाता है। दूध में ज्यादा मीठा या चॉकलेट पाउडर न मिलाएं। इससे पोषण कम हो सकता है। दूध को हल्का गर्म करके देना बेहतर है ताकि वह जल्दी पच सके। अगर बच्चा दूध नहीं पीता या उसे लैक्टोज इन्टॉलरेंस है तो आप फोर्टिफाइड सोया मिल्क, बादाम मिल्क या ओट मिल्क दे सकते हैं।



### बच्चे की हाइट नहीं बढ़ रही तो क्या करें?

बच्चे की डाइट में प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन और विटामिन ष्ट शामिल करें। दूध, अंडा, दालें, हरी सब्जियां, फल और नट्स रोजाना खिलाएं। बच्चे को रोज खेल–कूद, योग और एक्सरसाइज के लिए प्रोत्साहित करें। पर्याप्त नींद (8–10 घंटे) दिलाना जरूरी है। इसके बावजूद हाइट नहीं बढ़ रही है तो डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

### क्या खिलाने से बच्चों की हाइट बढ़ सकती है?

बच्चों को प्रोटीन, आयरन, कैल्शियम, विटामिन डी और जिंक युक्त आहार देना चाहिए। दूध, दही, अंडा, हरी सब्जियां, दालें, अंकुरित अनाज और फल इनकी डाइट का हिस्सा हों। जंक फूड और सॉफ्ट ड्रिंक्स से बचाव जरूरी है।

### क्या लटकने से लंबाई बढ़ती है?

हां, लटकने से रीढ़ की हड्डी पर खिंचाव आता है जिससे लंबाई बढ़ाने में थोड़ी मदद मिलती है। यह एक्सरसाइज पोश्चर सुधारने और मांसपेशियों को मजबूत करने में भी मदद करती है। लेकिन सिर्फ लटकने से लंबाई नहीं बढ़ती, इसके साथ अच्छी डाइट, पर्याप्त नींद और अन्य एक्सरसाइज जरूरी हैं।

दूध बच्चों के विकास में सहायक जरूर है, लेकिन यह अकेले लंबाई नहीं बढ़ा सकता। इसके लिए संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, अच्छी नींद और स्वस्थ जीवनशैली जरूरी है। माता–पिता को चाहिए कि वे बच्चों को संपूर्ण पोषण दें और उनके मानसिक व शारीरिक विकास पर ध्यान दें।

# बरसात में बच्चों की यूं करें देखभाल, तो वे नहीं पड़ेंगे बार-बार बीमार

मानसून में मच्छरों और संक्रमण पैदा करने वाले कीटाणुओं का खतरा बढ़ जाता है जो निस्संदेह आपके बच्चों के लिए हानिकारक होते हैं। ऐसे मामलों से बचने के लिए माता–पिता को अपने शिशुओं का ध्यान रखने के लिए एक्स्ट्रा एफर्ट करने की जरूरत होती है। इस आर्टिकल में हम कुछ ऐसे ही टिप्स के बारे में जानेंगे जिनसे बच्चे को बीमार पड़ने से बचाया जा सके ।

### माता–पिता बारिश के मौसम में अपने बच्चों को ऐसे रखें ख्याल

मानसून बहुत जल्द दस्तक देने जा रहा है, जो धीरे–धीरे गर्मी का प्रचंड रूप शांत करके लोगों को राहत दिलाएगा। वहीं, गर्मी से बेहाल लोग भी बेसब्री से बारिश का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, यह मौसम दूसरों के लिए जितना सुकून लेकर आएगा, नए माता–पिता के लिए उतनी ही परेशानियां क्योंकि मानसून का महीना केवल बारिश ही नहीं बल्कि बीमारी के लिए भी मशहूर है। ऐसे में नए पेरेंट्स अपने बच्चे का ख्याल कैसे रखें यह सबसे बड़ा सवाल है। इस आर्टिकल में हम इसी के बारे में जानने की कोशिश करेंगे कि मानसून के दौरान छोटे बच्चों को बीमारियों से कैसे बचाकर रखें।

### मानसून में बच्चों को बीमारी से कैसे बचाएं?

बारिश के मौसम में पानी से होने वाले संक्रमण का खतरा काफी बढ़ जाता है, ऐसे में बच्चों के बीमार पड़ने की संभावना भी अधिक रहती है। इसलिए पहली बार माता–पिता बने कपल को अपने बच्चे को मानसून में स्वस्थ्य रखने के लिए अधिक सावधानी बरतने की जरूरत होती है। इसके लिए आदतों में कुछ बदलाव और थोड़ी सावधानी आपका काम काफी आसान कर सकती है।

### बारिश से बचाएं

कोशिश करें कि अपने बच्चे को बारिश में भीगने से बचाएं। इसके लिए छाते, रेनकोट और रेन बूट जैसी आजमाई हुई चीजें आपके काम आ सकती हैं। बच्चों को बाहर ले जाने से पहले ध्यान दें कि उनके पास सभी आवश्यक चीजें हैं। बरसात के मौसम के दौरान, तापमान में भी तेजी से गर्माहट और ठंडक का अनुभव होता है। वहीं नमी से बचने के लिए बच्चों को आरामदायक सूती कपड़े पहनाएं, लेकिन जब मौसम ठंडा हो जाए, तो उन्हें थोड़े मोटे कपड़े पहनाएं। ध्यान रखें कि बच्चे के कपड़े पूरी तरह सूखे हों क्योंकि बरसात के मौसम में कपड़े नमी सोख लेते हैं, जिससे फंगल इंफेक्शन हो सकता है।

### डायपर गीला न रहे

बरसात के मौसम में बच्चे को एक मिनट के लिए भी गीला डायपर न पहनने दें। सर्द या बरसात के दिनों में बच्चे अन्य मौसमों की तुलना में अधिक पेशाब करते हैं, जिससे उनकी स्किन पर रैशेज हो सकते हैं। इसके अलावा इंफेक्शन का खतरा भी बढ़ जाता है और उन्हें ठंड भी लग सकती है। इसलिए, याद रखें कि जैसे ही आपको लगे कि आपके बच्चे की नैपी गीली या गंदी हो गई है, तो उसे तुरंत बदल दें।

### बीमारियों को नजरअंदाज न करें

बुखार, शारीरिक दर्द, छींक आना और अन्य लक्षण मानसून से संबंधित बीमारियां हो सकती हैं। इसके अलावा इस मौसम में वायरल इंफेक्शन होने का खतरा भी बढ़ जाता है। ऐसे कोई भी लक्षण नजर आने पर सीधे अपने डॉक्टर से संपर्क करें और बीमारी से लड़ने के लिए उचित सावधानी बरतें, भले ही यह शुरुआती दौर में ही क्यों न हों।

### मच्छरों को दूर रखें

मच्छर के काटने से नवजात शिशु को गंभीर परेशानियां हो सकती हैं, जिससे उनके शरीर पर रेडनेस और सूजन भी हो सकती है। ऐसे में बच्चे के मच्छरदानी में रखें, जिससे वे अच्छी और भरपूर नींद सो सकें। वहीं शाम के वक्त उन्हें पूरी तरह से ढके हुए कपड़े पहनाएं। अगर आपके पास मच्छरों को भगाने के लिए कोई नेचुरल रेमेडी है, तो उसका भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

### मानसून सीजन में बच्चे को कब नहलाएं?

बड़ों की तरह बच्चों को रोजाना नहाने की आवश्यकता नहीं होती है क्योंकि वे अपना अधिकांश समय घर के अंदर ही बिताते हैं। ऐसे में मानसून सीजन में बच्चे को हफ्ते में दो से तीन बार नहलाना काफी होगा। खासकर उमस भरे मौसम में, गर्मी से राहत दिलाने के लिए यह काफी होगा। लेकिन अगर आप बच्चे को बाहर लेकर गए हैं, तो उसे गुनगुने पानी से नहलाएं। बचपन की अधिकांश यादें बारिश में खेलने और कागज की नाव चलाने से बनती है। इसलिए उनकी यादों को बनने से रोकना नहीं है बल्कि सही देखभाल के जरिए उन्हें बरसात के मौसम का अधिकतम लाभ उठाने देना है।

### आसमान की रानी फिलीपाइन ईगल

तेजी से लुप्त होते पक्षियों की श्रेणी में आती है फिलीपाइन ईगल। यह चील प्रजाति की ही है, पर दूसरी चीलों से अधिक बड़ी और ताकतवर होती है। यह मुख्य तौर से फिलीपींस में पाईजाती है। पशुओं का अध्ययन करने वाले वैज्ञानिक कहते हैं कि जिस तरह जंगल का राजा शेर होता है, उसी तरह फिलीपाइन ईगल आसमान कीरानी है। इसे 4 जुलाई 1995 को फिलीपींस की नेशनल बर्ड घोषित किया गया था।

भीम प्रज्ञा

# मौजवास में ग्राम रथ अभियान का भव्य स्वागत, लोक कलाकारों ने गीत-नाटकों से योजनाओं की दी जानकारी

**ग्राम रथ अभियान बना सरकार और ग्रामीणों के बीच मजबूत संवाद का माध्यम : नरेंद्र कुमार**

**एलईडी वैन से 13 विभागों की योजनाओं का प्रसारण, मौजवास में ग्रामीणों ने उत्साह से लिया भाग**

**मौजवास में ग्राम रथ अभियान का जोरदार स्वागत, योजनाओं की जानकारी लेने उमड़े ग्रामीण**





भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।

**पवन कुमार शर्मा ।** राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित ग्राम रथ अभियान झुंझुनूं जिले के मंडावा विधानसभा क्षेत्र में जागरूकता का प्रभावी माध्यम बनता जा रहा है। शनिवार को मंडावा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मौजवास के आम चौक में आयोजित ग्राम रथ अभियान कार्यक्रम में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में एलईडी वैन के माध्यम से 13 विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं को डिजिटल प्रसारण किया गया। साथ ही राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का लाइव प्रसारण भी ग्रामीणों को दिखाया गया। लोक कलाकारों ने नुक्कड़ नाटकों के जरिए योजनाओं को सरल एवं रोचक अंदाज में प्रस्तुत कर ग्रामीणों को जागरूक किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार ने कहा कि राज्य सरकार गांव, गरीब और किसान के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्राम रथ अभियान सरकार और आमजन के बीच मजबूत संवाद का माध्यम बन रहा है तथा इससे ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं के प्रति जागरूकता तेजी से बढ़ रही है।

मंडावा तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि वे योजनाओं की सही जानकारी लेकर अधिकाधिक लाभ उठाएं और दूसरों को भी जागरूक करें। भाजपा जिला अध्यक्ष हर्षिणी कुल्हरी ने अपने संबोधन में राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार समाज के हर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने महिलाओं, किसानों और युवाओं से योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पर्यवेक्षक एवं सीईओ जयपुर की कोमल राजपूत ने कहा कि लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों के माध्यम से योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों तक सहज रूप से पहुंच रही है, जिससे लोगों में सरकारी योजनाओं के प्रति विश्वास और जागरूकता दोनों बढ़ रहे हैं। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की उषा कुल्हरी के नेतृत्व में गोद भराई रस्म का आयोजन भी किया गया। वहीं कृषि विभाग द्वारा किसानों को विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित किया गया। विभाग की ओर से दो किसानों को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए तारबंदी योजना के अंतर्गत 40 हजार रुपये तथा सिंचाई पाइपलाइन योजना के लिए 18 हजार रुपये की अनुदान राशि स्वीकृत की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं, किसान एवं युवा उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने योजनाओं की जानकारी लेने में विशेष रुचि दिखाई तथा कई लोगों ने मौके पर ही योजनाओं का लाभ भी प्राप्त किया। इस अवसर पर विकास अधिकारी पंचायत समिति मंडावा अमित चौधरी, राजेंद्र ठेकेदार, सरपंच मुकेश कुमार, प्रमोद कुमार, सामाजिक सुरक्षा ब्लॉक अधिकारी सुनीता, बीएसओ शारदा देवी, विद्युत विभाग के एन. संजेश कुमार, सहायक विकास अधिकारी राजेश कुमार सैनी, ग्राम विकास अधिकारी पिंटू, काजला, कनिष्ठ सहायक हरिओम शर्मा, कृषि विभाग के राजेंद्र, प्रवीण कुमार, मनमोहन सिंह, महिपाल, राकेश कुमार सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# डाडा फतेहपुरा बस स्टैंड का शौचालय बदहाल: गंदगी से यात्री और ग्रामीण परेशान



भीम प्रज्ञा न्यूज.खेतड़ी।

**हर्ष स्वामी ।** उपखंड के डाडा फतेहपुरा गांव में बस स्टैंड के पास स्थित सार्वजनिक शौचालय की स्थिति खराब है। शौचालय परिसर में चारों ओर गंदगी फैली हुई है, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शौचालय के भीतर गंदा पानी जमा है, फर्श पर कचरा और मिट्टी बिखरी है। ग्रामीणों ने बताया कि बस स्टैंड के समीप होने के कारण इस शौचालय का उपयोग रोजाना बड़ी संख्या में यात्री, महिलाएं और स्कूली बच्चे करते हैं। हालांकि यहां सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ठप पड़ी है। स्थानीय लोगों ने चिंता व्यक्त की है कि यदि जल्द ही सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो क्षेत्र में बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ सकता है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन और ग्राम पंचायत से सार्वजनिक शौचालय की नियमित सफाई करवाने, खराब व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने और साफ-सफाई के लिए स्थायी कर्मचारी नियुक्त करने की मांग की है, ताकि आमजन को राहत मिल सके। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो पंचायत के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेंगे।

# राजकीय विद्यालय रसीदपुरा खुड़ी में ग्रीष्मावकाश में चलेंगी निःशुल्क स्मार्ट और सामान्य ज्ञान क्लासेज

भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रसीदपुरा खुड़ी में संग्राम शक्ति फाउंडेशन, जयपुर की ओर से ग्रीष्मकालीन छुट्टियों में निःशुल्क स्मार्ट व सामान्य ज्ञान की कक्षाएं शुरू की जायेगी।

फाउण्डेशन द्वारा विद्यालय में जीर्णोद्धार और सुविधा विस्तार का कार्य करवाया किया जा रहा है। इस संदर्भ में फाउंडेशन के पदाधिकारियों, विद्यालय प्रशासन, शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि छुट्टियों के दौरान विद्यार्थियों के समय का सदुपयोग करने और उनके बौद्धिक विकास के लिए फाउंडेशन द्वारा निर्मित व संचालित स्मार्ट क्लासेज, सामान्य ज्ञान क्लासेज व अन्य कौशल विकास कक्षाएं आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम के दौरान संग्राम शक्ति फाउंडेशन के कर्नल वी.पी. सिंह ने आगामी कक्षाओं की पूरी रूपरेखा को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि कैसे आधुनिक तकनीक और बेहतर रणनीति के जरिए ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को प्रतियोगिता परीक्षाओं और आधुनिक शिक्षा के लिए तैयार किया जाएगा। फाउंडेशन के इस सराहनीय कदम और विद्यालय के कायाकल्प के लिए संस्था प्रधान ने आभार व्यक्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य चिरंजीलाल चिरानिया, उप प्रधानाचार्य श्रीमती



सपना बियानी, रवि निठारवाल ने फाउंडेशन के पदाधिकारी कर्नल वी.पी. सिंह, के.वी. सिंह और अभिमन्यु सिंह, संजय का माला पहनाकर और स्मृति चिह्न भेंट कर धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय के संस्थापक सदस्यों में से एक स्व.ठाकुर जोधसिंह शेखावत और उन्हीं के वंशजों की परंपरा को नये अंदाज में आगे बढ़ाने का काम वर्तमान पीढ़ी द्वारा पूरे तन मन धन से किया जा रहा है यह हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने बताया कि कोई भी विद्यार्थी भाग ले सकता है तथा रजिस्ट्रेशन पूरी तरह निःशुल्क रहेगा। रजिस्ट्रेशन के लिए विद्यालय के व्याख्याता रघुवीर सिंह चौहान से संपर्क किया जा सकता है।

# शहीद मदनसिंह गुर्जर की मूर्ति अनावरण आज

भीम प्रज्ञा न्यूज.खेतड़ीनगर।

**हर्ष स्वामी ।** बेसरडा गांव के शहीद मदनसिंह गुर्जर की मूर्ति अनावरण रविवार सुबह सवा दस बजे किया जायेगा। शहीद के भाई हंसराज गुर्जर ने बताया कि शहीद मदनसिंह गुर्जर की मूर्ति का अनावरण रविवार को बेसरडा गांव में किया जाएगा। मूर्ति अनावरण समारोह में जवाहर सिंह बेढ़म (गृह राज्य मंत्री राज. सरकार), खेतड़ी विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर, प्रेमसिंह बाजौर (अध्यक्ष, सैनिक कल्याण बोर्ड), डॉ. जितेन्द्र सिंह पूर्व उर्जा मंत्री, हर्षिनी कुल्हरी (जिलाध्यक्ष भाजपा झुंझुनूं), हंसराज पटेल (विधायक कोटपूतली), जोगिन्द्र सिंह अवाना (पूर्व अध्यक्ष देवनारायण बोर्ड), सुरेन्द्र हेमसिंह भडाना, कर्नल सुरेश कुमार जांगिड़, जिला सैनिक अधिकारी झुन्झुनू, ब्रिगेडियर रामनिवास गुर्जर भाग लेंगे।

# सीमेंटेड सड़क के बीच खड़ा 11 केवी बिजली पोल बना हादसे का खतरा

भीम प्रज्ञा न्यूज.पचेरी।

रायपुर अहिरान से सांतोर स्थित शहीद नायब सूबेदार हरिराम सीनियर स्कूल तक बनाई जा रही सीमेंटेड सड़क के बीच खड़ा 11 केवी बिजली पोल हादसे का कारण बन सकता है। ग्रामीणों का आरोप है कि विरोध के बावजूद सड़क निर्माण के दौरान बिजली पोल को हटाए बिना ही सीमेंटेड रोड बनाई जा रही है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों के लिए खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क के बीच में 11 केवी का विद्युत पोल खड़ा होने से वाहनों को निकलने और मोड़ने में परेशानी हो रही है। विशेषकर रात के समय या तेज गति से आने वाले वाहनों के पोल से टकराने की आशंका बनी रहती है। यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।



अशोक यादव एडवोकेट ने बताया कि ग्रामवासियों द्वारा इस संबंध में विरोध भी जताया गया, लेकिन इसके बावजूद बिजली पोल को हटाए बिना सड़क निर्माण कार्य जारी रखा गया। उन्होंने कहा कि सड़क के बीच में विद्युत पोल रहना न केवल यातायात के लिए बाधा है, बल्कि यह जन सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है।ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से मांग की है कि सड़क के बीच खड़े 11 केवी बिजली पोल को तत्काल हटाकर सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जाए, ताकि भविष्य में किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे उच्च अधिकारियों को अवगत कराते हुए आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

# आरपीएस जखराना में पूल पार्टी का आयोजन, बच्चों ने जमकर उठाया आनंद

भीम प्रज्ञा न्यूज.जखराना।

राजस्थान पब्लिक स्कूल जखराना में शनिवार को कक्षा नर्सरी से प्रथम तक के बच्चों के लिए 'बीट द हीट' थीम के तहत पूल पार्टी का आयोजन किया गया। गर्मी के मौसम में आयोजित इस कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने वॉटर पूल में पानी के साथ खूब अठखेलियां कीं और जमकर आनंद उठाया।पूल पार्टी के दौरान बच्चों ने अपनी कक्षा अध्यापिकाओं के साथ सामूहिक नृत्य किया। साथ ही विभिन्न खेलों में भाग लेकर खूब मस्ती की। कार्यक्रम में बच्चों के लिए अनेक प्रकार के व्यंजनों की व्यवस्था भी की गई, जिनका बच्चों ने उत्साह के साथ लुत्फ उठाया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे बच्चों की खुशी देखते ही बन रही थी। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव ने बच्चों को मौज-मस्ती के साथ अध्ययनशील रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलने और आनंद उठाने के अवसर भी मिलने चाहिए। इससे बच्चों का मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास होता है तथा वे शैक्षणिक जीवन में भी बेहतर प्रदर्शन कर पाते हैं। स्कूल प्राचार्य योगेश यादव ने कहा कि बच्चों को खेल, मनोरंजन और आनंद के अवसर देना उनके समग्र विकास के लिए आवश्यक है। विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ खुशी, आत्मविश्वास और रचनात्मक वातावरण प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि पूल पार्टी जैसे आयोजन बच्चों के लिए यादगार अनुभव बनते हैं और





उनमें आपसी सहयोग व मिलनसारिता की भावना विकसित करते हैं।

कार्यक्रम में बच्चों ने अपने शिक्षकों और साथियों के साथ खेल खेले तथा पानी में मस्ती कर दिन को यादगार बना दिया। विद्यालय स्टाफ ने बच्चों की सुरक्षा और सुविधा का विशेष ध्यान रखते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर संस्थान की वाइस चेयरपर्सन डॉ. उषा यादव, मैनेजिंग डायरेक्टर एडवोकेट पीयूष यादव, विद्या भारती पब्लिक स्कूल निजामपुर की डायरेक्टर डॉ. रविन्द्रा यादव, आरपीएस जखराना के डायरेक्टर डॉ. सुभाष सिंह, पीजी कॉलेज प्राचार्य डॉ. लोकेश कुमार, किड्स ब्लॉक इंचार्ज राधा चूग, कोऑर्डिनेटर विजेन्द्र यादव, आईटीआई प्राचार्य सतीश यादव सहित समस्त स्टाफ, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# वपिता की प्रथम पुण्यतिथि पर शिक्षक पुत्रों ने छात्रावास व लाइब्रेरी के लिए दिया 42 हजार रुपए का सहयोग

भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।

भूदा का बास निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक स्व. प्यारेलाल सैनी की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके शिक्षक पुत्रों ने शिक्षा और समाजसेवा की मिसाल पेश की। शिक्षक भाई महेश कुमार सैनी व राधाकृष्णन सैनी ने महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास लक्ष्मणगढ़ के निर्माण कार्य एवं छात्रावास में संचालित निःशुल्क लाइब्रेरी में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए कुल 42 हजार रुपए का आर्थिक सहयोग किया। महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास निर्माण समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार बागड़ी ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर सेठों की कोठी से बैरास जाने वाले रास्ते पर निर्माणाधीन छात्रावास में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और कैरियर निर्माण को ध्यान में रखते हुए यह सहयोग प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि बिडोदी बड़ी ग्राम पंचायत के अंतर्गत भूदा का बास निवासी दोनों शिक्षक भाइयों ने अपने पिताश्री स्व. प्यारेलाल सैनी की प्रथम पुण्यतिथि पर यह सराहनीय पहल की। समिति के संयोजक सज्जन कुमार सैनी ने बताया कि महेश कुमार सैनी और राधाकृष्णन सैनी ने छात्रावास के लिए कुल 42 हजार रुपए का सहयोग दिया है। इसमें से 31 हजार रुपए छात्रावास निर्माण कार्य के लिए पूर्व में दिए गए थे, जबकि 11 हजार रुपए छात्रावास में संचालित निःशुल्क लाइब्रेरी में पुस्तकों के लिए प्रदान किए गए हैं।



समिति के महामंत्री महेंद्र कुमार माली, कोषाध्यक्ष झाबरमल माली और वरिष्ठ उपाध्यक्ष नथमल मावलियों की ढाणी ने कहा कि पिता की पुण्यतिथि पर शिक्षा के क्षेत्र में किया गया यह सहयोग समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने बताया कि छात्रावास में संचालित निःशुल्क लाइब्रेरी से अनेक विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं और उच्च अध्ययन की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में पुस्तकों के लिए दिया गया सहयोग विद्यार्थियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों और विद्यार्थियों ने स्व. प्यारेलाल सैनी की प्रथम पुण्यतिथि पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में नेक और पुण्य कार्य करने के लिए महेश कुमार सैनी व राधाकृष्णन सैनी का आभार व्यक्त किया। शिक्षक भाइयों ने समिति पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि वे भविष्य में भी छात्रावास और विद्यार्थियों के हित में सहयोग करते रहेंगे।

# पुलिस थाना उदयपुरवाटी में सनम भाई किन्नर ने वाटर कूलर किया भेंट

## पुलिस थाने में वाटर कूलर भेंट कर सनम बाई ने किया पुनीत कार्य- सीआई रामपाल मीणा

भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी

**सुमेर मीणा ।** कस्बे में शनिवार को किन्नर समाज के जिला अध्यक्ष सनम बाई किन्नर के नेतृत्व में उदयपुरवाटी पुलिस थाना परिसर में गर्मियों के मौसम को ध्यान में रखते हुए पुलिसकर्मी व आमजन को पीने के लिए ठंडा पानी उपलब्ध हो सके , इसके लिए सनम बाई ने एक वाटर कूलर भेंट किया है द्य इस अवसर पर उदयपुरवाटी पुलिस थाने के थाना प्रभारी रामपाल मीणा ने अपने उद्बोधन में कहा कि किन्नर समाज की झुंझुनू जिला अध्यक्ष सनम बाई किन्नर ने पुलिस थाने में जो वाटर कूलर भेंट किया है यह एक पुनीत कार्य है द्य वाटर कूलर लगने से गर्मी में परिवादियों व पुलिस कर्मियों को राहत मिलेगी।थाना परिसर में पीने के लिए मिलेगा अब ठंडा पानी द्य पुलिस थाने में वाटर कूलर भेट करते समय सनम बाई किन्नर के साथ चाहत किन्नर, ज्योति किन्नर



,रागिनी किन्नर ,माही किन्नर ,स्वीटी किन्नर, काजल किन्नर, खुशी किनर ,रोहिणी किन्नर ,मोनिका किन्नर आदि मौजूद थी द्य इस मौके पर पुलिस थाने के एस. आई ओम प्रकाश,एस आई जितेंद्र सिंह, पुलिस के जवानों में विक्रम सिंह, पुलिस थाने के एच एम हरि सिंह, महिला कांस्टेबल रिंकू सहित पुलिस थाने के जवान मौजूद रहे। इनके अलावा नितेश सैनी पूर्व भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष, समाज सेवी ताराचंद मित्तल, कमल खेराडी, ललित सोनी ,ओमप्रकाश सहित कई लोग मौजूद रहे द्य

# स्व. गीता देवी बजाज की स्मृति में अग्रवाल भवन में बनेगा वातानुकूलित सभागार

भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।

अग्रवाल भवन लक्ष्मणगढ़ की द्वितीय मंजिल पर स्वर्गीय श्रीमती गीता देवी बजाज की स्मृति में वातानुकूलित सभागार का निर्माण कराया जाएगा। प्रवासी उद्योगपति एवं समाजसेवी बजरंगलाल बजाज पुत्र स्व. बाबूलाल बजाज ने अपनी धर्मपत्नी स्व. श्रीमती गीता देवी बजाज की स्मृति में अग्रवाल भवन में 'गीता देवी बजाज स्मृति सभागार' बनाने की स्वीकृति प्रदान की है। इस संबंध में अग्रवाल समाज लक्ष्मणगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने बजरंगलाल बजाज के जयपुर स्थित आवास पर उनसे मुलाकात की। मुलाकात के दौरान सभागार निर्माण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई और आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण की गईं। प्रतिनिधिमंडल में अग्रवाल समाज के अध्यक्ष विमल चिरानिया,



सुरेश मोदी, ललित भूत, लक्ष्मीकांत चूड़ीवाला, कमल तोदी एवं संदीप बजाज शामिल रहे। इस दौरान जयपुर से प्रभुदयाल भूत भी उपस्थित रहे। अग्रवाल समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि अग्रवाल भवन की द्वितीय मंजिल पर बनने वाला यह वातानुकूलित सभागार समाज और नगरवासियों के लिए उपयोगी साबित होगा। निकट भविष्य में नगर एवं समाज के लोग विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और पारिवारिक आयोजनों के लिए इस सभागार का लाभ उठा सकेंगे। अग्रवाल समाज लक्ष्मणगढ़ की ओर से प्रतिनिधिमंडल ने भामाशाह बजरंगलाल बजाज का इस पुनीत कार्य के लिए आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि स्व. श्रीमती गीता देवी बजाज की स्मृति में बनने वाला यह सभागार समाजसेवा और जनहित की भावना का प्रेरणादायक उदाहरण बनेगा।

# संजय नगर में विधायक धर्मपाल गुर्जर का भव्य स्वागत, 20 लाख के नए विकास कार्यों की घोषणा

भीम प्रज्ञा न्यूज.खेतड़ी।

**हर्ष स्वामी ।** खेतड़ी क्षेत्र की ग्राम पंचायत संजय नगर में शनिवार को विकास कार्यों के लोकार्पण के साथ विधायक धर्मपाल गुर्जर का नागरिक अभिनंदन समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। ग्रामीणों ने विधायक का 51 किलो फूलों की माला और साफा पहनाकर स्वागत किया। वहीं गांव की सीमा से सभा स्थल तक गाजे-बाजे के साथ घोड़ी पर बैठाकर भव्य जुलूस निकाला गया। समारोह में विधायक धर्मपाल गुर्जर मुख्य अतिथि रहे तथा अध्यक्षता फतेहसिंह बड़ाऊ ने की। कार्यक्रम का संचालन चेतन सैनी ने किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि वे बिना किसी भेदभाव के क्षेत्र में लगातार विकास कार्य करवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले ढाई वर्षों में



संजय नगर ग्राम पंचायत में करीब 2 करोड़ 88 लाख रुपए के विकास कार्य करवाए जा चुके हैं।

कार्यक्रम में विधायक ने ग्राम पंचायत में एक नए थ्री फेज ट्यूबवेल निर्माण तथा विधायक कोष से 20 लाख रुपए के अतिरिक्त विकास कार्य करवाने की घोषणा भी की। इस अवसर पर विधायक ने 55 लाख रुपए की लागत से बने उप स्वास्थ्य केंद्र और 16 लाख रुपए की लागत से तैयार अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण किया। समारोह में दीपचंद चंदेला, हरी सिंह, सुरेश गुर्जर, शेर सिंह, संजय देव गुर्जर, रामनिवास कालोटा, हजारीलाल ग्रेट, झंडूराम गुर्जर, विजयपाल सिंह शेखावत, महीपाल सिंह गाडराटा, रमेश गराटी, बबलू अवाना, धूड़ाराम प्रधान, प्रभुराजोता, मंगलचंद गुरुजी, रोटाश मणकस, रमेश अग्रवाल, दलिप सिंह निर्वाण और मदनलाल बोहरा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। वहीं पवन दाधीच, दुर्गाप्रसाद मेघवाल, विजय सिंह, रामस्वरूप सिंह, सूबेदार जगदीश सिंह, लक्ष्मण सिंह, अजय भार्गव और महेंद्र छावड़ी सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

# शनि जयंती पर अभिषेक व पूजा-अर्चना का आयोजन

भीम प्रज्ञा न्यूज

**जयपुर।** शनि जयंती के पावन अवसर पर समाजसेवी राजन सरदार के नेतृत्व में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विधिवत अभिषेक किया गया तथा पंडित दीपक, कमलेश एवं प्रकाश जी द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इस अवसर पर गीता देवी, यशवंत सिंह, दीवीशा, जितेंद्र सिंह, वानी, जानवी, नंदिनी, ताक्षवी, मलिंगा, शनाया सहित समस्त अमृत ग्रुप के सदस्य मौजूद रहे। उपस्थित भक्तों ने भगवान शनि देव से सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की।



धार्मिक वातावरण और भक्तिमय भावनाओं के बीच कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ।

# ग्रीष्मकालीन अभिरुचि शिविर 18 मई से जे.के.मोदी राजकीय बालिका स्कूल झुंझुनूं में

## विभिन्न प्रकार के कौशल का दिया जाएगा प्रशिक्षण

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड एवं शिक्षा विभाग झुंझुनू के तत्वावधान में बालक बालिकाओं एवं महिलाओं को कौशल की दृष्टि से आत्मनिर्भर बनाने हेतु ग्रीष्मकालीन अभिरुचि कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 18 मई से 16 जून तक जेके मोदी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय रोड नंबर 2 झुंझुनू में आयोजित किया जाएगा। सी.ओ. स्काउट महेश कालावत ने बताया कि अभिरुचि शिविर में सिलाई, नृत्य, पेंटिंग, रंगोली, ब्यूटी पार्लर, स्पोकन इंग्लिश, वाद्य यंत्र, गीत संगीत, मेहंदी, कंप्यूटर, आर्ट एंड क्राफ्ट जैसे महत्वपूर्ण उपयोगी विषयों का प्रशिक्षण दक्ष प्रशिक्षक द्वारा प्रदान किया जाएगा।

शिविर प्रतिदिन प्रात 7:30 बजे से 11:30 बजे तक संचालित होगा जिसमें मनोरंजन हेतु किम गेम, वाईड गेम, गरम आलू, पूछ उखाड़, पुसी बिल्ली, बोरा कूद, क्रिकेट, म्यूजिकल चेयर, जलेबी खाओ, पापड़ खाओ जैसे आयोजन भी किए जाएंगे। शिविर के दौरान शिविरार्थियों को आपदा प्रबंधन, प्राथमिक चिकित्सा, योग व्यायाम एवं प्राणायाम का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। शिविर में किसी भी विद्यालय, महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं महिलाएं भी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। शिविर समाप्ति पर सभी को कार्य दक्षता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। शिविर में भाग लेने हेतु आवेदन पत्र जेके मोदी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय झुंझुनू अथवा मोरारका कॉलेज के पास स्थित स्काउट गाइड कार्यालय झुंझुनू से कार्यालय समय में प्राप्त किए जा सकते हैं।

# पुरुषोत्तम मास अमावस्या पर पूर्व प्रधानाध्यापक जसवंत सिंह यादव परिवार ने गोशाला में की गौसेवा, विद्यार्थियों को भेंट किए पंखे

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

पुरुषोत्तम मास की अमावस्या के पावन अवसर पर गांव नाघोड़ी-सिलारपुर स्थित बाबा शिव स्वरूप गोशाला में गौसेवा का प्रेरक उदाहरण देखने को मिला। फौलादपुर निवासी पूर्व प्रधानाध्यापक जसवंत सिंह यादव अपने परिवार सहित गोशाला पहुंचे और सेवा कार्य कर समाज को प्रेरणा दी। जसवंत सिंह यादव ने पत्नी चमेली देवी, पुत्र-पुत्रवधू संजू देवी, पुत्र प्यारेलाल एवं पौत्र साहिल के साथ गोशाला में विद्यार्थियों के उपयोग हेतु आठ छत



पंखे भेंट किए। साथ ही परिवार ने गोमाता को हरा चारा खिलाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर गोशाला परिसर में श्रद्धा और सेवा का वातावरण रहा। गोशाला समिति के पदाधिकारियों ने भामाशाह परिवार के सराहनीय योगदान की प्रशंसा करते हुए उनका साफा, पटका एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया। कार्यक्रम में गोशाला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष सूबेदार जसवंत सिंह, कोषाध्यक्ष नित्यानंद, व्यवस्थापक ओमप्रकाश, ऋषि सैनी, जगदीश बोहरा, मानसिंह, ख्याली पहलवान, बंशीधर, संजय यादव पथरा वाली ढाणी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने कहा कि गौसेवा और समाजसेवा भारतीय संस्कृति की अमूल्य परंपरा है तथा ऐसे कार्य समाज में सकारात्मक प्रेरणा का संचार करते हैं।

# गांधीनगर से खाटूश्यामजी के लिए रवाना हुई प्रथम डाक ध्वजा, 'जय श्री श्याम' के जयकारों से गूंजा क्षेत्र

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेश चन्द** । गांव गांधीनगर में बुधवार को धार्मिक उत्साह, आस्था और अटूट भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। बाबा श्याम के भक्तों द्वारा गांव गांधीनगर से सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल खाटूश्यामजी के लिए 'प्रथम डाक ध्वजा' यात्रा का भव्य शुभारंभ किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस डाक ध्वजा यात्रा की शुरुआत शाम ठीक 6:15 बजे मिनी सचिवालय के पास स्थित शिव मंदिर, गांधीनगर से हुई। यात्रा की रवानगी से पूर्व श्रद्धालुओं ने संतदास महाराज का आशीर्वाद लिया। यात्रा को लेकर स्थानीय ग्रामीणों और दूर-दराज से आए श्याम प्रेमियों में भारी उत्साह देखा गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जहां दोपहर से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ना शुरू हो गया था। यात्रा के दौरान बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार किया गया और जैसे ही ध्वजा उठाई गई, पूरा क्षेत्र 'श्याम बाबा की जय' और 'हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा' के गूंजते जयकारों से सराबोर हो उठा। इस धार्मिक



आयोजन में बड़ी संख्या में पैदल और डाक ध्वजा लेकर दौड़ने वाले श्रद्धालु शामिल हुए, जो पूरी आस्था के साथ खाटूधाम के लिए आगे बढ़ रहे हैं। स्थानीय लोगों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया जा रहा है। इस पावन अवसर पर संदीप यादव पत्रकार बल्लूवास, रामलखन, हेमन्त यादव गांधीनगर, दिनेश फौजी, त्रिवेन्द्र फौजी, आशीष, सचिन, डॉक्टर सुमित, सुमितराम, डॉक्टर नीरज यादव, अंकित, सर्वेश, अनुज, अमरजीत, राहुल यादव और अरविन्द सहित बड़ी संख्या में श्याम भक्त और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# महवा में सम्राट पृथ्वीराज चौहान जयंती पर उमड़ा राजपूती स्वाभिमान, हजारों समाजबंधुओं की मौजूदगी में गूंजी शौर्य की हुंकार

**भीम प्रज्ञा न्यूज.महवा।**

**मनोज खंडेलवाल** । वीरता, स्वाभिमान और मातृभूमि की रक्षा के लिए अंतिम सांस तक लड़ने वाले महान प्रतापी सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती शनिवार को महवा-मंडावर राजपूत सभा के तत्वावधान में राजपूत छात्रावास महवा में पूरे गौरव, उत्साह और पारंपरिक राजपूती आन-बान-शान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में दूर-दराज के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में पहुंचे समाजबंधुओं ने यह साबित कर दिया कि आज भी वीरों की गाथाएं समाज की रगों में जोश और स्वाभिमान का रक्त बनकर दौड़ रही हैं। आयोजन स्थल पर दिनभर वीर रस, इतिहास और समाजिक एकता की गूंज सुनाई देती रही।





कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामसिंह चंदोलाई रहे, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में शक्तिसिंह ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि 'जिस समाज का इतिहास पृथ्वीराज जैसे रणबांकुरों से भरा हो, उसे कभी अपने अस्तित्व और सम्मान की लड़ाई में पीछे नहीं हटना चाहिए।' उन्होंने युवाओं से इतिहास को केवल पढ़ने तक सीमित नहीं रखने, बल्कि उसे जीवन में उतारने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि पृथ्वीराज चौहान केवल एक राजा नहीं, बल्कि राष्ट्र स्वाभिमान और पराक्रम के जीवंत प्रतीक थे, जिनकी शौर्य गाथा आज भी देशभक्ति की अलख जगाती है। समारोह में माधोसिंह, वैद्य दशरथसिंह केसरी, गोपालसिंह, रविन्द्रसिंह तथा रघुवीरसिंह ने अपने विचार रखते हुए पृथ्वीराज चौहान की वीरता, त्याग, शब्दभेदी बाण कला और राष्ट्र रक्षा के लिए किए गए संघर्षों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि इतिहास उन लोगों को कभी नहीं भूलता, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया हो। कार्यक्रम में बार-बार 'जय पृथ्वीराज' और 'राजपूती आन-बान-शान' के जयघोष से पूरा वातावरण वीर रस में डूबा नजर आया।

**'तलवारों की धारें आज भी इतिहास सुनाती हैं,पृथ्वीराज जैसे वीर सदियों बाद भी याद आते हैं। '** ग्रामीण परिवेश में आयोजित इस कार्यक्रम में समाज की एकजुटता और परंपराओं की झलक साफ दिखाई दी। आयोजन में विक्रमसिंह केसरी, पूरणसिंह, मंगूसिंह, भगवानसिंह, बीरबहादुर सिंह तथा सुरेन्द्रसिंह सहित अनेक गणमान्य लोगों ने शिरकत की। आस-पास के गांवों से पहुंचे समाजबंधुओं की भारी भीड़ ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान कर दिया। कार्यक्रम के अंत में महवा अध्यक्ष वैद्य दशरथसिंह केसरी ने सभी अतिथियों, वक्ताओं और दूर-दराज से पहुंचे आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज को अपने गौरवशाली इतिहास और संस्कारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए ऐसे आयोजन निरंतर होते रहने चाहिए।

**'सर झुके तो गुलामी, सर उठे तो इतिहास बनता है,राजपूतों का खून जब खौलता है, तब स्वाभिमान जन्म लेता है। '** महवा की धरती पर आयोजित यह आयोजन केवल जयंती समारोह नहीं, बल्कि वीरता, संस्कृति और समाजिक एकता का ऐसा महाकुंभ बन गया, जिसने युवाओं के भीतर इतिहास और स्वाभिमान की नई चेतना जगा दी।

# मंडावा से जनगणना 2026 फील्ड कार्य का शुभारंभ, प्रगणक-सुपरवाइजर रवाना

## तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर ने दिखाई हरी झंडी, आमजन से सही जानकारी देने की अपील

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा** । जनगणना 2026 के तहत मंडावा क्षेत्र में फील्ड कार्य का विधिवत शुभारंभ शुक्रवार को तहसील परिसर से किया गया।





आयोजित कार्यक्रम में तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर ने ग्रामीण क्षेत्र के प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जबकि शहरी क्षेत्र की टीमों को आनंद सोलंकी ने फील्ड कार्य के लिए प्रस्थान कराया। कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने जनगणना कार्मिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए जिम्मेदारी और सावधानी के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में जनगणना से जुड़े प्रगणकों और सुपरवाइजरों को आवश्यक किट भी वितरित की गई। इस अवसर पर तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर ने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का अत्यंत संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्मिक को पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी, ताकि आंकड़ों में किसी प्रकार की त्रुटि न रहे। उन्होंने कहा कि जनगणना के माध्यम से देश की विकास योजनाओं का आधार तैयार होता है, इसलिए आमजन की सही जानकारी और कार्मिकों की जिम्मेदारी दोनों ही अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। प्रशासन द्वारा सभी चार्ज अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने अधीनस्थ प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करते हुए संगठित रूप से फील्ड कार्य के लिए रवाना करें। जिला प्रशासन ने कार्यक्रमों के फोटो एवं वीडियो जिला स्तर पर साझा करने के भी निर्देश दिए हैं, ताकि अभियान की सतत मॉनिटरिंग और प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जा सके। जनगणना अभियान को सफल बनाने के लिए सोशल मीडिया एवं समाचार पत्रों के माध्यम से व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा, जिससे आमजन को जनगणना की प्रक्रिया की जानकारी मिल सके और फील्ड में कार्यरत कार्मिकों को सहयोग प्राप्त हो।

प्रशासनिक जानकारी के अनुसार मंडावा क्षेत्र के 10 से अधिक ब्लॉकों में स्व-गणना कार्य पहले ही शत-प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। यह उपलब्धि क्षेत्र में जनजागरूकता और प्रशासनिक सक्रियता का सकारात्मक परिणाम मानी जा रही है। अंत में प्रशासन ने आमजन से अपील की कि वे जनगणना कार्मिकों को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराकर राष्ट्रीय महत्व के इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग

# राजकीय कन्या महाविद्यालय हेतमसर में स्नातक प्रथम वर्ष प्रवेश आवेदन की तिथि 22 मई तक बढ़ी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.हेतमसर।**

छात्राओं के लिए उच्च शिक्षा प्राप्त करने का सुनहरा अवसर देते हुए राजकीय कन्या महाविद्यालय, हेतमसर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 22 मई 2026 कर दी गई है। पहले यह तिथि 15 मई निर्धारित की गई थी। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुनीता बेनीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के सभी राजकीय महाविद्यालयों के साथ-साथ राजकीय कन्या महाविद्यालय, हेतमसर में भी कला एवं विज्ञान संकाय में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। विद्यार्थियों और अभिभावकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवेदन की समय-सीमा में वृद्धि की गई है, ताकि अधिक से अधिक छात्राएं उच्च शिक्षा से जुड़ सकें।

उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी उच्च शिक्षा विभाग के आधिकारिक पोर्टल अथवा अपनी व्यक्तिगत एसएसओ आईडी के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। महाविद्यालय में कला एवं विज्ञान दोनों संकायों में प्रवेश की सुविधा उपलब्ध है। कला संकाय में अंग्रेजी साहित्य, हिंदी साहित्य, उर्दू साहित्य, भूगोल, राजनीति विज्ञान, इतिहास, अर्थशास्त्र एवं गृह विज्ञान विषय संचालित हैं, जबकि विज्ञान संकाय में गणित एवं जीव विज्ञान वर्गों में अध्ययन की व्यवस्था की गई है। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रवेश नोडल अधिकारी गोविंद कुमार ने बताया कि संपूर्ण प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से की जा रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि अंतिम समय में तकनीकी समस्याओं से बचने के लिए समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर लें। आवेदन के दौरान नवीन पासपोर्ट साइज फोटो, जन आधार कार्ड, अंक तालिका एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज अपलोड करना अनिवार्य होगा। महाविद्यालय प्रशासन ने क्षेत्र की छात्राओं से समय पर आवेदन कर उच्च शिक्षा के इस अवसर का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

# मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना: महेंद्रगढ़ के 20 बुजुर्ग श्री नांदेड़ साहिब के लिए रवाना



**भीम प्रज्ञा न्यूज.नारनौल।**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा सिरसा रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत विशेष ट्रेन में जिला महेंद्रगढ़ के 20 लाभार्थी भी सफर में शामिल हुए। ये सभी श्रद्धालु शुक्रवार रात लगभग 10 बजे दादरी और रेवाड़ी रेलवे स्टेशन से इस विशेष ट्रेन में सवार हुए। पांच दिवसीय इस धार्मिक टूर के दौरान सभी तीर्थयात्री सिखों के पवित्र धर्मस्थल श्री नांदेड़ साहिब के दर्शन करेंगे। जिला प्रशासन द्वारा सभी यात्रियों को सुगम यात्रा के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देकर रवाना किया गया। इस यात्रा पर रवाना हुए लाभार्थियों ने बताया कि सरकार की इस जनकल्याणकारी योजना का लाभ उठाना बेहद सरल रहा। सभी तीर्थयात्रियों ने सरल पोर्टल www.saralharyana.gov.in पर अपना ऑनलाइन पंजीकरण कराया था, जिसके बाद पात्रता की जांच कर उनका चयन किया गया। श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पोर्टल के माध्यम से पारदर्शी प्रक्रिया अपनाकर सरकार ने बुजुर्गों को बिना किसी परेशानी के घर बैठे तीर्थ यात्रा की सुविधा प्रदान की है। यह पांच दिवसीय यात्रा बुजुर्गों के लिए न केवल धार्मिक रूप से महत्वपूर्ण है, बल्कि उनके जीवन में एक नई ऊर्जा और शांति का संचार करने वाली साबित होगी।

मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना विशेष रूप से उन बुजुर्गों के लिए तैयार की गई है जो आर्थिक कारणों से तीर्थ दर्शन करने में असमर्थ रहते हैं। इस योजना का लाभ उठाने के लिए कुछ अनिवार्य शर्तें निर्धारित की गई हैं, जिसके तहत लाभार्थी का हरियाणा का मूल निवासी होना अनिवार्य है। आवेदक की आयु 60 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए और परिवार की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से कम होनी चाहिए।

# नवप्रवेशी विद्यार्थियों का माला पहनाकर स्वागत किया शिक्षक-अभिभावक बैठक में शिक्षा स्तर की सराहना

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा** । महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय लूमास में शनिवार को शिक्षक-अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विद्यालय के शैक्षिक विकास, नामांकन वृद्धि तथा विद्यार्थियों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर ग्रामीणों के सहयोग से नए सत्र में 36 विद्यार्थियों के नव प्रवेश होने पर खुशी व्यक्त की गई। विद्यालय परिवार द्वारा सभी नवप्रवेशित विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक में विद्यार्थियों को ग्रीष्मावकाश के दौरान अध्ययन जारी रखने के उद्देश्य से विशेष रूप से तैयार की गई वर्कशीटों का वितरण भी किया गया। विद्यालय में नामांकन बढ़ाने में सहयोग करने वाले पर्यावरण प्रेमी संजय शर्मा, बाबूलाल सैनी, अजीत सिंह शेखावत, अरविन्द शेखावत एवं राजेश सैनी का सम्मान किया





गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य कैलाश चन्द्र जांगिड़ ने अभिभावकों एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीणों के सहयोग से विद्यालय लगातार प्रगति की ओर अग्रसर है और भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य किए जाएंगे। ग्रामीणों ने विद्यालय के वर्तमान शैक्षिक स्तर एवं शिक्षण व्यवस्था की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायी बताया।

कार्यक्रम का मंच संचालन प्रतिमा पूनियां ने किया। इस अवसर पर सुमन, कैलाश, अनु, सुरजीत, सुनीता, रुचिका, राजपाल, विद्याधर कालेर, सांवर मल गोदारा, इन्द्रपाल बूगालियां, सुभाष झाझड़िया, फूलचंद जांगिड़, उमेद सिंह शेखावत, महावीर सिंह, सुनील शेखावत, पवन कालेर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कैलाश चौधरी के झुंझुनूं दौरे की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा**

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश चौधरी के 19 मई को प्रस्तावित झुंझुनूं दौरे की तैयारियों को लेकर चिड़ावा स्थित भगेरिया फार्म हाउस में बैठक आयोजित की गई। बैठक भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष



रतनसिंह तंवर की अध्यक्षता में हुई, जिसमें पिलानी, सूरजगढ़ और खेतड़ी विधानसभा क्षेत्र के किसान मोर्चा पदाधिकारियों ने भाग लिया। भाजपा किसान मोर्चा महामंत्री धर्मेंद्र गुड्डू नेहरा ने आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए मंडल अध्यक्षों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी। बैठक में चिड़ावा भाजपा मंडल महामंत्री अंकित भगेरिया ने सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया। इस दौरान डॉ. नवीन ठोलिया, महेंद्र कुमावत, इशू भगेरिया, दारासिंह ढिल्लों, ओमप्रकाश भगेरिया, ओमप्रकाश यादव, संतोष कुमार यादव बुहाना, अशोक शर्मा, ईश्वर सिंह झेरली और गिरवर सिंह भाषावता सहित भाजपा किसान मोर्चा झुंझुनूं के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी में मानव सेवा का उदाहरण, नगरपालिका के सामने लगी मीठे पानी की छबील

### 40 डिग्री तापमान में राहगीरों को पिलाया ठंडा शरबत, लोगों ने सराहा सेवा भाव

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेश चन्द।** भीषण गर्मी के दौर में नीमराना नगरपालिका के सामने मुख्य मार्ग पर मीठे पानी की छबील लगाकर राहगीरों को राहत पहुंचाई गई। करीब 40 डिग्री सेल्सियस तापमान के बीच सामाजिक कार्यकर्ताओं ने ठंडा शरबत और पेयजल वितरित कर मानव सेवा का परिचय दिया दोपहर के समय बड़ी संख्या में राहगीरों, वाहन चालकों, मजदूरों और स्थानीय लोगों ने छबील पर पहुंचकर ठंडा शरबत पिया। तेज धूप और उमस भरी गर्मी से परेशान लोगों को इससे काफी राहत मिली। राहगीरों ने आयोजनकर्ताओं की इस पहल की सराहना करते हुए इसे गर्मी में जनसेवा का सराहनीय कार्य बताया। आयोजकों ने कहा कि गर्मी के



मौसम में प्यासे लोगों को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य कार्य माना जाता है। समाज में सेवा और सहयोग की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आगे भी ऐसे सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। इस अवसर पर लाइफ ओके ओनर अजित ठेकेदार, अमित शर्मा, मयंक, बिल्लू, निशांत, तान्या, सचिन, कन्हैया बंजारा, आरके शर्मा, अनिल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# फतेहाबाद जिले की सीजेएम सुयशा जावा ने किया विश्वास, दिव्यांग स्कूल व बाल भवन का औचक निरीक्षण

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा ।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सुयशा जावा ने विश्वास दिव्यांग स्कूल व बाल भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीजेएम ने दिव्यांग बच्चों के आवास, भोजन की गुणवत्ता और उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया।

उन्होंने केंद्र संचालक को सख्त निर्देश दिए कि बच्चों के पुनर्वास और उनकी शिक्षा में किसी भी स्तर पर कोताही न बरते हैं। उन्होंने वहां रह रहे लोगों और स्टाफ को दिव्यांग बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूक किया और बताया कि जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण समाज के हर जरूरतमंद



व्यक्ति को मुक्त कानूनी सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर सीजेएम सुयशा जावा ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें फल व खाद्य सामग्री वितरित की।

बाल भवन में निरीक्षण के दौरान सीजेएम ने रिकॉर्ड को जांचा। उन्होंने वहां उपलब्ध विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। सीजेएम ने कहा कि बाल भवन बच्चों की रचनात्मक कला, संगीत और अन्य गतिविधियों को उजागर करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। सीजेएम ने बाल भवन में संचालित सिलाई केंद्र, क्रैच, ब्यूटी पार्लर कोर्स, कंप्यूटर सेंटर का भी निरीक्षण किया व वहां विभागीय सुविधाओं व व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

# पीपलखेड़ा के पास काल बनकर दौड़ा अज्ञात वाहन, छह बेटियों के सिर से उठा पिता का साया

### देव दर्शन कर लौट रहे दंपती को तेज रफ्तार वाहन ने रौंदा, पूरण सैनी की मौत, पत्नी जयपुर रेफर

**भीम प्रज्ञा न्यूज.महवा।**

**मनोज खंडेलवाल ।** कहते हैं, 'सड़क पर एक पल की लापरवाही किसी परिवार की पूरी जिंदगी उजाड़ देती है।' महवा क्षेत्र में शनिवार दोपहर ऐसा ही दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया, जिसने एक परिवार की खुशियां पलभर में मातम में बदल दीं। पीपलखेड़ा के पास तेज रफ्तार से दौड़ रहे एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दंपती को ऐसी टक्कर मारी कि भंडपुरा गढ़ हिम्मतसिंह निवासी पूरणचंद सैनी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी नारंगी देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल देखने को मिला।

जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर करीब तीन बजे पूरणचंद सैनी पुत्र धनीराम सैनी अपनी पत्नी नारंगी देवी के साथ सिकंदरा स्थित देव मंदिर से दर्शन कर बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान पीपलखेड़ा के समीप पीछे से तेज रफ्तार में आए एक अज्ञात रोडवेज बसनुमा वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों सड़क पर दूर जा गिरे और पूरणचंद गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही बालाहेड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और 108 एंबुलेंस की सहायता से दोनों घायलों को महवा जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने पूरणचंद सैनी को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल नारंगी देवी को प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रेफर कर दिया गया। हादसे की खबर मिलते ही मृतक और घायल के परिजन जिला अस्पताल पहुंच गए, जहां चीख-पुकार और मातम का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि मृतक पूरणचंद सैनी हलवाई का कार्य कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था और उसके छह बेटियां हैं। परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य होने के कारण उसकी मौत ने पूरे परिवार को गहरे संकट में धकेल दिया है। गांव में शोक की लहर फैल गई और हर आंख नम दिखाई दी। 'जिस घर का चिराग बुझ जाए, वहां अंधेरा सिर्फ रात का नहीं, जिंदगी का हो जाता है ', यह दर्द हादसे के बाद मृतक के परिजनों के चेहरे पर साफ झलकता नजर आया। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया, जिसे लेकर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और प्रत्यक्षदर्शियों के आधार पर वाहन की तलाश की जा रही है।क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि हादसे के जिम्मेदार वाहन चालक को शीघ्र गिरफ्तार कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि सड़क पर मौत बनकर दौड़ रहे लापरवाह वाहन चालकों पर लगाम लग सके। यह हादसा एक बार फिर यह सवाल छोड़ गया है कि आखिर सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने वालों पर सख्ती कब होगी और निर्दोष लोगों की जान यूं ही कब तक जाती रहेगी।

# 15 हजार के इनामी हत्यारोपी अंकुश मीणा को दबोचा, हत्या के बाद बदल-बदलकर ठिकाने काट रहा था फरारी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.महवा।**

**मनोज खंडेलवाल ।** दौसा जिले के बालाहेड़ी थाना पुलिस ने हत्या के एक चर्चित प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे 15 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुरानी रंजिश को लेकर हुई इस सनसनीखेज वारदात में घायल हुए मांगूसिंह की जयपुर में उपचार के दौरान मौत हो गई थी, जिसके बाद से आरोपी लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस से बचता फिर रहा था। महवा वृत्ताधिकारी मनोहरलाल मीणा के सुपरविजन तथा थानाधिकारी सत्यनारायण के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने आखिरकार आरोपी अंकुश मीणा उर्फ अलेक्स को दस्तयाब कर लिया।

पुलिस के अनुसार 15 मार्च 2026 को मांगूसिंह अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर रोहिताश मीणा निवासी प्यारा का नगला, सोनू मीणा तथा 10-12 अन्य लोग तीन गाड़ियों में सवार होकर वहां पहुंचे और एक राय होकर मांगूसिंह को दुकान से बाहर घसीट लिया। आरोपियों ने लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ हमला करते हुए बेरहमी से मारपीट की, जिससे उसके सिर, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आईं। हालत बिगड़ने पर उसे जयपुर रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में भारी आक्रोश फैल गया था और पुलिस ने हत्या सहित गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। प्रकरण में पुलिस पूर्व में पांच आरोपियों तथा तीन विधि से संघर्षरत बालकों को दस्तयाब कर चुकी थी, लेकिन आरोपी अंकुश मीणा घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी नहीं होने पर पुलिस अधीक्षक दौसा द्वारा उस पर 15 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस के अनुसार आरोपी लगातार अपने ठिकाने बदलकर फरारी काट रहा था और गिरफ्तारी से बचने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान थाना बालाहेड़ी के कांस्टेबल भागीरथ सिंह ने सटीक आसूचना संकलित कर विशेष टीम को सूचना दी, जिसके आधार पर दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अंकुश मीणा उर्फ अलेक्स पुत्र सुरेश मीणा निवासी टीकरी जाफरान थाना महवा जिला दौसा के रूप में हुई है। पुलिस अब आरोपी से वारदात में शामिल अन्य पहलुओं और फरारी के दौरान मददगार लोगों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

## मंडावर में सार्वजनिक चौक विवाद ने पकड़ा तूल, नगरपालिका की नई रिपोर्ट पर उठे सवाल

# सार्वजनिक चौक और होलिका दहन भूमि पर कब्जे को लेकर वर्षों तक चली कानूनी लड़ाई के बाद नगरपालिका की नई जांच ने खड़े किए गंभीर सवाल

### जिस जमीन को सार्वजनिक चौक व अतिक्रमण बताकर भेजे नोटिस और मांगा पुलिस जाब्ता, उसी पर अब 'न चौक मिला, न अतिक्रमण' की रिपोर्ट से उठे बड़े सवाल।

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर-दौसा।**

**मनोज खंडेलवाल ।** मंडावर कस्बे के बौराड़ा कुआ क्षेत्र में सार्वजनिक चौक, आम रास्ते और होलिका दहन भूमि पर कथित अतिक्रमण को लेकर पिछले कई वर्षों से चला आ रहा विवाद अब नए मोड़ पर पहुंच गया है। जिस भूमि को लेकर ग्राम पंचायत, नगरपालिका, उपखंड प्रशासन और न्यायालयों में लगातार अतिक्रमण की बात कही जाती रही, उसी स्थान पर अब नगरपालिका मंडावर की तीन सदस्यीय जांच समिति ने 'कोई सार्वजनिक चौक नहीं' और 'कोई अतिक्रमण नहीं' होने की रिपोर्ट पेश कर दी है। इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद प्रशासनिक कार्रवाई, सरकारी रिकॉर्ड और न्यायालयी प्रक्रिया को लेकर कस्बे में नई बहस छिड गई है। पूरा मामला दीवानी वाद संख्या 69/2018 से जुड़ा हुआ है, जिसमें उमेशचंद शर्मा और रामबाबू शर्मा ने विजय कुमार तिवाड़ी सहित ग्राम पंचायत मंडावर, पंचायत समिति महवा, तहसीलदार मंडावर और राज्य सरकार को प्रतिपक्षकार बनाते हुए आज्ञापक आदेश एवं स्थायी निषेधाज्ञा की मांग की थी। वाद में दावा किया गया था कि बौराड़ा कुआ के पास स्थित उनकी पैतृक बगीची और मकानों की दीवार तथा पानी के टैंक को अतिक्रमण हटाने के नाम पर तोड़ दिया गया, जबकि दूसरी ओर आम रास्ते पर चबूतरे बनाकर कब्जा किया गया। मामले की सुनवाई के बाद वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश महवा ने 18 जनवरी 2020 को निर्णय सुनाते हुए उक्त वाद खारिज कर दिया था। न्यायालय ने अपने विस्तृत फैसले में माना था कि वादी पक्ष अपने कथित स्वामित्व और कब्जे को दस्तावेजी साक्ष्यों से सिद्ध नहीं कर सका तथा सार्वजनिक चौक और रास्ते की भूमि पर अतिक्रमण कर बनाई गई दीवार को विधिक प्रक्रिया अपनाकर हटाया गया था। न्यायालय ने यह भी माना था कि विजय कुमार तिवाड़ी और लक्ष्मीनारायण तिवाड़ी के पट्टों में चबूतरे के लिए भूमि स्वीकृत थी तथा सार्वजनिक रास्ते पर उनके अतिक्रमण का आरोप प्रमाणित नहीं हुआ। फैसले में यह भी दर्ज हुआ कि वादी पक्ष पंचायत समिति के पुराने आदेशों का हवाला तो देता रहा, लेकिन उन्हें साक्ष्य के रूप में न्यायालय में प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद भी विवाद थमा नहीं और सार्वजनिक चौक तथा होलिका दहन भूमि पर अतिक्रमण को लेकर विजय कुमार तिवाड़ी की ओर से आम जनता के माध्यम से एक और वाद प्रस्तुत किया गया। इस मामले में वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश महवा ने 8 सितंबर 2025 को निर्णय सुनाते हुए उमेश शर्मा और रामबाबू शर्मा के विरुद्ध बेदखली तथा स्थायी निषेधाज्ञा संबंधी राहत तो अस्वीकार कर दी, लेकिन ग्राम पंचायत मंडावर, विकास अधिकारी महवा, तहसीलदार मंडावर, अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका मंडावर और नगरपालिका चेयरमैन को स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि मौके पर सार्वजनिक चौक और होलिका दहन भूमि पर अतिक्रमण पाया जाता है तो विधिक प्रावधानों के तहत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। न्यायालय के आदेश के बावजूद सितंबर 2025 से अप्रैल 2026 तक कोई ठोस कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। इसके बाद विजय कुमार तिवाड़ी पक्ष ने 20 अप्रैल 2026 को सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 151 के तहत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर न्यायालय को अवगत कराया कि संबंधित विभाग आदेशों की पालना नहीं कर रहे हैं। इस पर वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश ने 22 अप्रैल 2026 को पत्र क्रमांक 2026/97 जारी कर संबंधित अधिकारियों को मौका जांच कर अतिक्रमण पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मामले में सबसे बड़ा सवाल उन सरकारी नोटिसों और पत्रों पर खड़ा हो गया है, जिनमें स्वयं नगरपालिका और प्रशासन ने सार्वजनिक चौक तथा आम रास्ते पर अतिक्रमण होना स्वीकार किया था। नगरपालिका मंडावर ने 10 मार्च 2023 और 28 मार्च 2023 को उमेशचंद शर्मा और रामबाबू शर्मा को राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 245 के तहत नोटिस जारी कर तीन दिन में अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। नोटिसों में स्पष्ट रूप से लिखा गया था कि सार्वजनिक चौक और आम रास्ते की भूमि पर चबूतरा बनाकर कब्जा किया गया है। इसके बाद 29 जनवरी 2024 को नगरपालिका मंडावर ने उपखंड अधिकारी मंडावर को पत्र लिखकर राज्य मानवाधिकार आयोग के आदेशों की पालना में अतिक्रमण हटाने के लिए पुलिस जाब्ते और महिला कांस्टेबल उपलब्ध कराने की भी मांग की थी। पत्र में यह तक उल्लेख किया गया कि पूर्व में कार्रवाई के दौरान महिलाओं को आगे कर विरोध किया गया, जिससे अतिक्रमण नहीं हटाया जा सका। उसी दिन उपखंड अधिकारी मंडावर ने भी पुलिस उपाधीक्षक महवा को पत्र लिखकर 2 फरवरी 2024 को प्रस्तावित कार्रवाई के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। इन तमाम नोटिसों, सरकारी पत्रों और न्यायालयी टिप्पणियों के बाद अब नगरपालिका मंडावर की नई जांच रिपोर्ट ने पूरे प्रकरण को फिर चर्चा के केंद्र में ला दिया है। न्यायालय के आदेश पर अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका मंडावर ने 1 मई 2026 को तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की, जिसमें कनिष्ठ अभियंता मिथलेश कुमारी मीना, कनिष्ठ सहायक उदय सिंह मीना और फायरमैन जितेंद्र कुमार मीना को शामिल किया गया। समिति ने 4 मई 2026 को मौका निरीक्षण किया और 11 मई 2026 को प्रस्तुत रिपोर्ट में कहा कि मौके पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं पाया गया तथा विवादित सार्वजनिक चौक जैसी कोई भूमि उपलब्ध नहीं है। इसी रिपोर्ट के आधार पर अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका मंडावर ने वरिष्ठ सिविल न्यायालय महवा को जवाब भेजते हुए कहा कि जांच में न तो सार्वजनिक चौक मिला और न ही किसी प्रकार का अतिक्रमण पाया गया। रिपोर्ट सामने आने के बाद विजय कुमार तिवाड़ी ने जांच प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि वर्षों तक प्रशासन और नगरपालिका स्वयं सार्वजनिक चौक और आम रास्ते पर अतिक्रमण की बात कहते रहे, नोटिस जारी करते रहे, पुलिस जाब्ता मांगते रहे, लेकिन अब न्यायालय के ताजा आदेश के बाद अचानक पूरा चौक और अतिक्रमण ही गायब बता दिया गया। तिवाड़ी का आरोप है कि जांच के दौरान उन्हें कोई सूचना तक नहीं दी गई। उन्होंने बताया कि जब इस संबंध में अधिशाषी अधिकारी से दूरभाष पर जानकारी मांगी गई तो कथित रूप से उन्हें यह कहकर टाल दिया गया कि 'आपको सूचना क्यों दी जाए।' अब यह मामला केवल अतिक्रमण विवाद तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि प्रशासनिक रिकॉर्ड, न्यायालयी आदेशों और वर्तमान जांच रिपोर्ट के बीच सामने आए विरोधाभास को लेकर भी कस्बे में चर्चाओं का केंद्र बन गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि मौके पर सार्वजनिक चौक और अतिक्रमण था ही नहीं, तो फिर वर्षों तक नोटिस, मुकदमे, पुलिस जाब्ते की मांग और न्यायालयों में चली कार्रवाई किस आधार पर होती रही।

**इनका कहना है :**

'उक्त मामले में मौका रिपोर्ट करा ली गई है। मौके पर किसी प्रकार का सार्वजनिक चौक या अतिक्रमण नहीं पाया गया है। यदि किसी के पास चौक अथवा अतिक्रमण संबंधी आवश्यक दस्तावेज हैं तो प्रस्तुत किए जा सकते हैं। '

**सुमेरसिंह मीना,अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका मंडावर।**

# दुड़ाराम ने ई-रिक्शा से की यात्रा, दिया ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'राष्ट्र प्रथम' के आह्वान को आगे बढ़ाते हुए सार्वजनिक परिवहन अपनाने की अपील

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा ।** भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व संसदीय सचिव एवं फतेहाबाद के पूर्व विधायक दुड़ाराम ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'राष्ट्र प्रथम' के आह्वान के परिप्रेक्ष्य में ईंधन बचत, पर्यावरण संरक्षण तथा स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने का संदेश दिया। दुड़ाराम ने कार्यालय से घर तक ई-रिक्शा से यात्रा कर आमजन को सार्वजनिक परिवहन माध्यम अपनाने के लिए प्रेरित किया।दुड़ाराम ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण और ईंधन की खपत को देखते हुए स्वच्छ ऊर्जा को अपनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयास भी पर्यावरण संरक्षण में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं और समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ईंधन बचत केवल आर्थिक दृष्टि से ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य से भी जुड़ा विषय है। यदि आज हम पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होंगे, तभी आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सकेगा। दुड़ाराम ने नागरिकों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें, ऊर्जा संरक्षण को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने में सहयोग दें। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही स्वच्छ, स्वस्थ और हरित भारत के निर्माण का सपना साकार किया जा सकता है।



# टोहाना के अति प्रतिष्ठित मॉडल के.एम. सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा जानवी ने हरियाणा में गाड़े सफलता के झंडे

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**

**रजत विजय रंगा ।** मॉडल के.एम. सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा जानवी गर्ग ने कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 500 में से 494 अंक प्राप्त कर पूरे हरियाणा में प्रथम स्थान हासिल कर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय के प्रिंसिपल रणधीर पूनिया और समस्त स्टाफ ने जानवी गर्ग को बधाई दी और उनकी कड़ी मेहनत की सराहना की। इस ऐतिहासिक सफलता की खुशी में स्कूल परिसर में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी श्री जगदीश सिंह जी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, बल्कि कड़ी मेहनत और निरंतर प्रयास ही आगे बढ़ने का एकमात्र रास्ता है। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों से भी अपील की कि वे बच्चों की प्रतिभा को पहचानें और उन्हें सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करें। मॉडल के0 एम0 स्कूल टोहाना के प्राचार्य रणधीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया स्कूल में 206 विद्यार्थीओं ने कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा दी। जिसमें छात्रा जानवी गर्ग ने 494/500 वहीं सुनेना गिल ने 491/500 अंक प्राप्त करके स्कूल में दूसरा स्थान प्राप्त किया। जिसमें से 40 बच्चों ने 90 प्रतिषत अंक व 140 बच्चों ने बोर्ड मैरिट प्राप्त की। बच्चों ने बताया कि जब हमें परिणाम का पता चला तो पूरे घर में खुषी का माहौल छा गया। जब स्कूल में परिणाम की खबर लगी तो पूरे स्कूल ने खुषी मनाई। और हम इसका श्रेय हमारे अध्यापक व हमारे माता-पिता को देना चाहते है। इन्होंने हमें हर समय पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। स्कूल के प्रधानाचार्य रणधीर पूनिया ने बताया कि हमारे स्कूल के बच्चे शुरू से पढ़ाई में अव्वल है। बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया है व उनमें भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल में खुषी का महौल रहा। सभी बच्चों का भव्य स्वागत किया गया। स्कूल प्रबंधन ने जानवी की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। स्कूल के प्राचार्य ने बच्चों को आर्षीवाद के रूप में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी व सभी स्टाफ को बधाई दी। इस अवसर पर प्रिंसिपल रणधीर पूनियां, ए0एन0 बहुगुणा, संदीप पूनिया,तरसेम सिंह, सतपाल नैन, अमन पूनिया, धर्मवीर सिंह, पुष्पा देवी, नीति मेहता, सीमा सिगँला, विजय, मनजीत, अनिल, अशोक, रमन, सिमरन, जयभगवान, सुखदीप कौर, सुनीता, ज्योती, मोहित शर्मा, सुनील, जगबीर, रामपाल, पूजा, रीतू, मंजू, पूनम रेखा, धीरज, सीमा, साक्षी, सुशीला व अन्य सभी स्टॉफ सदस्य व बच्चे उपस्थित रहे।



# विद्या भारती पब्लिक स्कूल में ड्रॉइंग प्रतियोगिता आयोजित, विद्यार्थियों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.निजामपुर।**

विद्या भारती पब्लिक स्कूल निजामपुर में विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ड्रॉइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा दूसरी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कला, कल्पनाशक्ति व सृजनात्मकता का सुंदर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर आकर्षक चित्र बनाए। रंगों और कल्पनाओं से सजी चित्रकलाओं ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। बच्चों की कला प्रतिभा देखकर निर्णायक मंडल और विद्यालय प्रबंधन ने उनकी सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव और वाइस चेयरपर्सन डॉ. उषा यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों की सृजनात्मक क्षमता को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ कला, संस्कृति और सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भी आगे बढ़ना चाहिए, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके।

विद्यालय के प्राचार्य अजीत सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभा को मंच प्रदान करना



विद्यालय का मुख्य उद्देश्य है। विद्यालय समय-समय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कर विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को निखारने का कार्य करता है। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में विद्यालय की शैक्षणिक निदेशिका डॉ. रविन्द्रा यादव, कोऑर्डिनेटर रितु शर्मा, किड्स ब्लॉक इंचार्ज विजय सोनी और ड्रॉइंग अध्यापिका मनीषा शामिल रहीं। निर्णायक मंडल ने विभिन्न विंगों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के लिए श्रेष्ठ पेंटिंग्स का चयन किया।कार्यक्रम के अंत में विजेता विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# कोलकाता ने गुजरात को 29 रन से हराया

## गिल, सुदर्शन व बटलर की फिफ्टी, नरेन ने लिए 2 विकेट

**कोलकाता।** आईपीएल में शनिवार को खेला गया मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स ने जीत लिया। उसने कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए मैच में गुजरात टाइटंस को 29 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कोलकाता ने 20 ओवर में 2 विकेट पर 247 रन बनाए। फिन एडन, अंगकृष रघुवंशी व और कैमरून ग्रीन ने अर्धशतक बनाए। जबाव में गुजरात की टीम 20 ओवर में 4 विकेट पर 118 रन बना सकी। गुजरात के लिए कप्तान शुभमन गिल, जोस बटलर व सांई सुदर्शन ने अर्द्धशतकीय पारी खेली।

### गिल-बटलर की साझेदारी

248 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात के लिए शुभमन गिल ने कप्तानी पारी खेलते हुए अर्द्धशतक बनाया। गिल ने 49 गेंदों में 85 रन बनाए। गिल ने अपनी पारी में 5 चौके व 7 छक्के मारे। उन्होंने विकेटकीपर जोस बटलर के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी कर 128 रन जोड़े। बटलर ने 35 गेंदों में 57 रन बनाए। गिल ने अपनी पारी में 5 चौके व 2 छक्के मारे। निशांत सिंधु 1 और राहुल तेवतिया 2 रन बना सके। सांई सुदर्शन 28 गेंद में 53 रन बनाकर नाबाद रहे। सुदर्शन ने 6 चौके व 3 छक्के जड़े।

### एलन की तूफानी पारी

इसके पूर्व कोलकाता के लिए फिन एडन ने तूफानी पारी खेलते हुए मात्र 35 गेंदों में 93 रन बनाए। एडन ने अपनी पारी में 4 चौके और 10 छक्के जड़े। वहीं अंगकृष रघुवंशी ने नाबाद 82 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने 44 गेंदों का सामना करते हुए 4 चौके और 7 छक्के लगाए। एलन और रघुवंशी के बीच 95 रन की साझेदारी हुई। अंतिम ओवरों में कैमरन ग्रीन ने भी 28 गेंदों में नाबाद 52 रन बनाए। उनकी पारी में 3 चौके और 4 छक्के शामिल रहे। कप्तान अजिंक्य रहाणे 14 रन बनाकर आउट हुए।

# दिल्ली और राजस्थान के लिये 'करो या मरो' का मुकाबला

**नयी दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स को प्लेआफ की उम्मीदें बनाये रखने के लिये रविवार को आईपीएल का महत्वपूर्ण मुकाबला हर हालत में जीतना होगा और नजरें इस पर लगी होंगी कि वैभव सूर्यवंशी सीम और स्विंग के महारथी मिचेल स्टार्क का सामना कैसे करते हैं। दिल्ली के 12 मैचों में दस अंक है और प्लेआफ में जगह बनाने की उसकी संभावना नहीं के बराबर है। इस मैच में हार से वह दौड़ से बाहर ही हो जायेगी। वहीं रॉयल्स के 11 मैचों में 12 अंक है और एक सप्ताह के ब्रेक के बाद टीम तरोताजा होकर मैदान पर लौटेगी। उनकी पूरी कोशिश होगी कि दिल्ली उनके रंग में भंग नहीं डाल सके। युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी फिरोजशाह कोटला पर पहली बार खेलेगा और उनको बल्लेबाजी करते देखना का ऐसा क्रेज है कि फ्री पास मांगने वालों की होड़ मची हुई है।



### प्रशंसक दिल्ली का नहीं करते सपोर्ट

आईपीएल के 19 साल में दिल्ली कैपिटल्स के प्रशंसक वफादार नहीं रहे हैं। जब कोटला पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू खेलती है तो दर्शक 'कोहली कोहली' चिल्लाते हैं जबकि चेन्नई सुपर किंग्स के खेलने पर पूरा कोटला पीले रंग में रंग जाता है और सात नंबर की धोनी की जर्सी ही सर्वत्र नजर आती है। इतने साल में अपने प्रशंसकों का बेस नहीं बना सकी दिल्ली की टीम रविवार को उतरेगी तो इसमें कोई अचरज नहीं होगा अगर दर्शक सूर्यवंशी की हौसलाअफजाई करें। पिछले 11 मैचों में 40 छक्के लगा चुके और 236.55 की स्ट्राइक रेट से 440 रन बना चुके सूर्यवंशी जबर्दस्त फॉर्म में हैं और अब देखना होगा कि स्टार्क उन्हें कैसे रोक पाते हैं। स्टार्क का आईपीएल में प्रदर्शन मिला जुला रहा है। अगर स्टार्क टेस्ट क्रिकेट वाला अपना फॉर्म लेकर उतरते हैं तो सूर्यवंशी के लिये मुश्किलें खड़ी हो सकती है। अब तक 400 से ज्यादा टेस्ट विकेट ले चुके स्टार्क को शुरूआती स्विंग और सीम मिल जाती है तो सूर्यवंशी की तकनीक की असल परीक्षा होगी।

**सीधा प्रसारण: स्टार स्पोर्ट्स पर भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे से।**

### अब तक सपाट पिचों में खेली है दिल्ली

दिल्ली की टीम ने पिछले कुछ मैच सपाट पिचों पर खेले हैं। उसके लिये कप्तान अक्षर पटेल दस विकेट और कुलदीप यादव सात विकेट का खराब फॉर्म चिंता का सबब रहा है। लुंगी एंगिडि को छोड़कर तेज गेंदबाज भी नहीं चल सके हैं।

के एल राहुल अकेले बल्लेबाज रहे हैं जिन्होंने दिल्ली के लिये लगातार रन बनाये हैं। नीतिश राणा और समीर रिजवी को बड़ी पारियां खेलनी होंगी। रॉयल्स के लिये चिंता की बात कप्तान रियान पराग का खराब फॉर्म है। रॉयल्स के गेंदबाजों ने जोफ्रा आर्चर की अगुवाई में अच्छा प्रदर्शन किया है।

## प्लेऑफ में जगह पक्की करने उतरेगा आरसीबी

धर्मशाला। मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में पंजाब किंग्स की कमजोर गेंदबाजी का फायदा उठाकर प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगा। धर्मशाला के बेहद खूबसूरत स्टेडियम में होने वाले इस मैच का मुख्य आकर्षण निश्चित तौर पर विराट कोहली रहेंगे जिन्होंने पिछले मैच में शतक लगाया था। धौलाधार पर्वतमाला की मनमोहक पृष्ठभूमि में कोहली की बल्लेबाजी देखने के लिए दिल्ली और पंजाब से बड़ी संख्या में प्रशंसक हिमाचल के पहाड़ों की ओर रवाना हो चुके हैं। आरसीबी टूर्नामेंट की एकमात्र ऐसी टीम है जिसने अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखी है। उसकी टीम पंजाब के खिलाफ जीत के प्रबल दावेदार के रूप में उतारेगी। टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत करने वाले पंजाब किंग्स पर लगातार पांच मैच में हार के बाद टूर्नामेंट से जल्दी बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। आरसीबी की टीम जहां अंक तालिका में बेहद अच्छी स्थिति में है पंजाब किंग्स की टीम के लिए एक और हार प्लेऑफ के दरवाजे लगभग बंद कर देगी। पंजाब किंग्स यहां खेले गए पिछले दो मैच में अंतिम पांच ओवर में अपनी गेंदबाजी पर नियंत्रण बनाए रखने में असफल रहा और इस तरह से 210 और 200 रन का बचाव नहीं कर पाया। असल में इस प्रारूप के इतिहास में 200 से अधिक का स्कोर बनाने के बाद सबसे अधिक मैच (10) हारने का रिकॉर्ड पंजाब किंग्स के नाम पर है।

**सीधा प्रसारण: स्टार स्पोर्ट्स पर भारतीय समयानुसार शाम 3:30 बजे से।**

## पंत पर 12 लाख रुपये का जुर्माना

लखनऊ। लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। लखनऊ ने शुक्रवार को यहां खेले गए इस मैच में चेन्नई को सात विकेट से हराकर उसकी प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को करारा झटका दिया था। आईपीएल की मीडिया विज्ञप्ति में कहा गया है, आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत उनकी टीम का यह पहला अपराध था, इसलिए ऋषभ पंत पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। लखनऊ की टीम पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है।

## स्टार डायजेस्ट

### सिनर-मेदवेदेव का मैच स्थगित, रुड फाइनल में

रोम। कैस्पर रूड ने बारिश के कारण लगभग दो घंटे तक खेल रुकने के दौरान भी अपनी एकाग्रता बनाए रखी और इटली के लुसियानो डार्डेरी को 6-1, 6-1 से हराकर पहली बार इटालियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। रुड जब पहले सेट में 4-1 से आगे चल रहे थे तब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा था। रविवार को होने वाले फाइनल में उनका सामना विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर या दानिल मेदवेदेव से होगा। सिनर और मेदवेदेव के बीच सेमीफाइनल मैच बारिश के कारण पूरा नहीं हो पाया। जब यह मुकाबला स्थगित करने का फैसला किया गया तब इटली के खिलाड़ी सिनर रूस के मेदवेदेव से 6-2, 5-7, 4-2 से आगे चल रहे थे। महिला वर्ग का फाइनल कोको गॉफ और एलिना स्वितोलिना के बीच खेला जाएगा।

### एस्टन विला ने लिवरपूल को हराकर चैंपियंस लीग का टिकट कटाया

बर्मिंघम। ओली वाटकिंस के दो गोल की मदद से एस्टन विला ने प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में लिवरपूल को 4-2 से हराकर अगले साल की चैंपियंस लीग में अपनी जगह पक्की कर ली। विला ने इस जीत से अगले सप्ताह होने वाले यूरोपा लीग के फाइनल के लिए भी अपनी पुख्ता तैयारियों का सबूत पेश किया। यूरोपा लीग के निर्णायक मुकाबले में विला का सामना फ्रीबर्ग से होगा। विला ने इस जीत से प्रीमियर लीग में शीर्ष पांच में जगह पक्की कर ली है। उसके अभी 37 मैच में 62 अंक है और वह आर्सेनल (79), मैनचेस्टर सिटी (77) और मैनचेस्टर यूनाइटेड (65) के बाद चौथे स्थान पर है। लिवरपूल 59 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है। वाटकिंस ने 56वें और 72वें मिनट में गोल किये।

# मलेशियाई जोड़ी को हराकर सात्विक चिराग थाईलैंड ओपन के फाइनल में

**बैंकॉक।** सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेप्टी की जोड़ी ने तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में मलेशिया के गोह जे फेइ और नूर इजुद्दीन को हराकर थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरूष युगल फाइनल में प्रवेश कर लिया। दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी सात्विक और चिराग ने नौवीं रैंकिग वाली मलेशियाई जोड़ी को 82 मिनट में 19.21, 22.20, 21.16 से हराया। भारतीय जोड़ी ने 2019 और 2024 में खिताब जीता था और तीसरी बार फाइनल में पहुंची है। अब उनका सामना इंडोनेशिया के लियो रोली कार्नांडो और डेनियल मार्टिन या चीन के हि जि तिंग और रेन शियांग यू की जोड़ी से होगा। डेनमार्क में थॉमस कप में कांस्य पदक जीतने के बाद भी बैडमिंटन को भारत में तरजीह और प्रशंसा नहीं मिलने को लेकर अपने बयान से सात्विक और चिराग हाल ही में चर्चा में रहे थे। उन्होंने हालांकि बाहरी शोर से किनारा करते हुए शानदार प्रदर्शन करते फाइनल में प्रवेश किया। मलेशियाई जोड़ी के खिलाफ उनका रिकॉर्ड 7.2 का था लेकिन गोह और इजुद्दीन ने पिछले साल इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में उन्हें हराया था। मलेशियाई जोड़ी ने अच्छी शुरूआत करके 3.1 की बढ़त बना ली लेकिन सात्विक और चिराग ने स्कोर 5.5 से बराबर कर लिया।



### मलेशियाई जोड़ी ने जीता पहला गेम

पहले गेम में मलेशियाई जोड़ी ने ब्रेक तक 11.8 की बढ़त बना ली। चिराग की गलती से शटल नेट में चली गई और अंतर बढ़ गया। पहला गेम मलेशियाई जोड़ी ने 21.19 से जीता। इसके बाद दूसरे गेम में मुकाबला बराबरी का था और स्कोर 3.3 से 6.6 हो गया। भारतीय जोड़ी ने 9.6 की बढ़त बना ली लेकिन चिराग के एक रिटर्न पर शटल नेट में जाने से बढत 10.9 की रह गई। ब्रेक के बाद फिर स्कोर 13 13 हो गया। चिराग ने भारत को 1.14 से बढ़त दिलाई लेकिन फिर रिटर्न नेट में जाने से स्कोर 16.16 हो गया।


## मप्र प्रीमियर लीग के पुरुष वर्ग में 10 और महिला वर्ग में पांच टीम हिस्सा लेंगी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग (एमपीएल) 2026 में इस बार पुरुष वर्ग में 10 टीम भाग लेंगी, जिनमें पिछली सात टीमों के अलावा तीन नई टीमें शामिल हैं। एमपीएल के पुरुष वर्ग में मालवा स्टैलियंस, उज्जैन फाल्कन्स और रॉयल निमार ईगल्स के रूप में तीन नई टीम जोड़ी गई हैं। अन्य टीम में मौजूदा चैंपियन भोपाल लेपर्ड्स, बुंदेलखंड बुल्स, चंबल घड़ियाल्स, ग्वालियर चीताज, इंदौर पिंक पैंथर्स, जबलपुर रॉयल लायंस और रावा जगुआर्स शामिल हैं। महिला वर्ग में भी दो नई टीम शामिल की गई है जिससे टीमों की कुल संख्या तीन से बढ़कर पांच हो गई है। ग्वालियर शेरनी और रॉयल निमार ईगल्स को दो नई फ्रेंचाइजी के रूप में शामिल किया गया है। भोपाल वॉल्व्स, बुंदेलखंड बुल्स और चंबल घड़ियाल्स की टीम पहले से ही इस टूर्नामेंट का हिस्सा हैं।

## सुपर शतरंज क्लासिक


# प्रज्ञानानंदा ने सिंदारोव को दी मात

**बुकारेस्ट।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने शानदार रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन करते हुए फॉर्म में चल रहे विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर जावोखिर सिंदारोव को सुपर चेस क्लासिक्स के दूसरे राउंड में मात दी। काले मोहरों से खेलते हुए प्रज्ञानानंदा ने उस मुकाबले को अपने पक्ष में मोड़ दिया, जो शुरुआती और मध्य चरण में ड्रॉ की ओर जाता दिख रहा था। लगातार चालों के दोहराव के बीच संतुलन की स्थिति बनती दिख रही थी, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने जोखिम उठाते हुए मौके को भुना लिया। अन्य मुकाबलों में अमेरिका के फैबियानो कारुआना और नीदरलैंड के अनीश गिरी के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। वेसली सो और जॉर्डन वैन फॉरेस्ट का मुकाबला भी ड्रॉ में समाप्त हुआ। फ्रांस के मैक्सिम वाचिए-लाग्रेव ने अपने हमवतन अलीरेजा फिरोजा को हराकर दिन की दूसरी जीत दर्ज की। जर्मनी के विंसेंट कीमर ने भी रोमानिया के बोगदान-डैनियल डेअक को पराजित किया। दूसरे दौर के बाद प्रज्ञानानंदा, कीमर और वाचिए-लाग्रेव 1.5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। कारुआना, वेसली सो, वैन फॉरेस्ट और गिरी के नाम एक-एक अंक है, जबकि फिरोजा, डेअक और सिंदारोव आधे अंक के साथ निचले पायदान पर हैं।



# सेंथिलकुमार और जोशना ने राष्ट्रीय युगल स्क्वाश में मिश्रित युगल का खिताब जीता

**चेन्नई।** वेलवन सेंथिलकुमार और जोशना चिनप्पा की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां तीसरी एचसीएल राष्ट्रीय युगल स्क्वाश चैंपियनशिप में मिश्रित युगल का खिताब जीता। शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने फाइनल में अभय सिंह और रतिका सीलान की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को 11-7, 11-9 से हराया। सेंथिलकुमार और जोशना दोनों ने इससे पहले टूर्नामेंट में अपने-अपने साथियों के साथ क्रमश? पुरुष और महिला युगल खिताब भी जीते थे। सेंथिलकुमार ने अभय के साथ मिलकर फाइनल में राहुल बैठा और सूरज कुमार चंद को 11-8, 11-5 से हराकर लगातार तीसरे वर्ष पुरुष युगल का खिताब अपने नाम किया। महिला युगल के फाइनल में जोशना और रतिका ने जेनेट विधि और पूजा आरती को 11-8, 11-4 से हराया।



# अवनि ने दिन का दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाकर कट हासिल किया

**हैम्बग।** भारतीय गोल्फर अवनि प्रशांत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे दौर में चार अंडर 69 का दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया जिससे वह जर्मन मास्टर्स टूर्नामेंट के कट में जगह बनाने में सफल रही। पहले दौर में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाने वाली अवनि का कुल स्कोर अब एक ओवर हो गया है और वह संयुक्त 47वें स्थान पर है। कट दो ओवर पर गया। इस तरह से अवनि कट में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी रही। इस टूर्नामेंट में भाग ले रही भारत की दो अन्य खिलाड़ी प्रणवी उर्स और वाणी कपूर कट में जगह नहीं बना पाई। प्रणवी ने दूसरे दौर में एक ओवर पार का स्कोर बनाया और कुल मिलाकर चार ओवर के साथ संयुक्त 72वें स्थान पर रहीं। वाणी पहले दौर के बाद ही टूर्नामेंट से हट गईं थी। जर्मनी की एस्थर हेंसेलीट (64-71) दूसरे दौर में दो अंडर 71 का कार्ड खेलकर कुल नौ अंडर पार के स्कोर के साथ शीर्ष पर हैं। सारा कौस्कोवा ने दिन का सर्वश्रेष्ठ स्कोर सात अंडर 64 बनाया। वह दूसरे स्थान पर हैं।



### अदिति सिनसिनाटी में कट में प्रवेश से चूकी

सिनसिनाटी। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक दूसरे दौर में एक ओवर 71 का कार्ड खेलने के बाद क्रोगर क्वीन सिटी चैंपियनशिप में कट हासिल करने से चूक गईं। पहले दिन के उन्होंने दो ओवर कर स्कोर किया था जिससे उनका कुल स्कोर तीन ओवर का रहा जबकि कट दो ओवर पार पर तय किया गया था। अमांडा डोहर्टी और जिन यंग ने दूसरे दौर की समाप्ति तक संयुक्त बढत कायम कर ली थी। दोनों खिलाड़ियों ने दूसरे दिन चार अंडर 66 के स्कोर के साथ शानदार प्रदर्शन किया। इन दोनों का कुल स्कोर सात अंडर का है।

### वीर अहलावत और सप्तक तलवार कट से चुके

गिरोना। भारत के वीर अहलावत और सप्तक तलवार चैलेंज डी कैटालुन्या गोल्फ टूर्नामेंट में कट में जगह बनाने में नाकाम रहे। अहलावत ने पहले दौर में 71 का स्कोर बनाने के बाद दूसरे दौर में अच्छा प्रदर्शन किया तथा बिना बोगी के चार अंडर 69 का स्कोर बनाया, लेकिन फिर भी वह कट में जगह बनाने से चूक गए। तलवार ने पहले दिन निराशाजनक प्रदर्शन किया था। पहले दौर में 86 का स्कोर बनाने के कारण उन पर कट से चूकने का खतरा मंडरा रहा था। उन्होने दूसरे दौर में एक अंडर 71 का स्कोर बनाया। कट पांच अंडर पर गया। स्वीडन के क्रिस्टोफर ब्लूमस्ट्रैंड ने दूसरे दिन सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और आठ अंडर 64 का कार्ड खेलकर कुल 13 अंडर पार के स्कोर के साथ बढ़त हासिल कर ली।

## व्यापार स्टार


### ओडिशा सरकार ने बस किराये में वृद्धि की

**भुवनेश्वर।** केंद्र सरकार द्वारा ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी किए जाने के कुछ घंटों बाद ओडिशा सरकार ने शुक्रवार को बस किराये में वृद्धि कर दी। साधारण यात्री बसों का किराया कम से कम दो पैसे प्रति किलोमीटर बढाया गया है। परिवहन आयुक्त द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार साधारण यात्री बसों का किराया 88 पैसे प्रति किलोमीटर से बढ़ाकर 90 पैसे प्रति किलोमीटर कर दिया गया है। इसी तरह एक्सप्रेस बसों का किराया 92 पैसे से बढाकर 94 पैसे प्रति किलोमीटर कर दिया गया है। डीलक्स बसों का किराया 1.27 रुपये से बढ़ाकर 1.31 रुपये प्रति किलोमीटर कर दिया गया है, जबकि एसी डीलक्स श्रेणी में किराया 1.55 रुपये के बजाय 1.59 रुपये प्रति किलोमीटर होगा।

सुपर डीलक्स श्रेणी में किराया छह पैसे प्रति किलोमीटर बढ़ाकर 2.47 रुपये प्रति किलोमीटर कर दिया गया है। अधिसूचना में कहा गया है कि किराया बढ़ाना आवश्यक था, क्योंकि पेट्रोल और डीजल दोनों की कीमतों में तीन रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की गई है।

# छत्तीसगढ़-गरियाबंद में निर्धारित मात्रा में मिलेगा पेट्रोल-डीजल

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों में पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लंबी कतारों की खबरों के बीच अब गरियाबंद जिला प्रशासन ने पेट्रोल पंप संचालकों को आदेश जारी कर वाहनों में निर्धारित मात्रा में ईंधन प्रदान करने के लिए कहा है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों से आग्रह किया है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह या घबराहट में न आएं तथा राज्य में पेट्रोल, डीजल और गैस का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। अधिकारियों ने बताया कि गरियाबंद के जिलाधिकारी ने शुक्रवार को जिले के सभी पेट्रोल पंप के संचालकों के लिए जारी आदेश में कहा है कि वर्तमान परिस्थितियों में आपूर्ति नियमित होने तक तथा उपभोक्ताओं के द्वारा अनावश्यक क्रय की स्थिति के कारण जमाखोरी की आशंका एवं अव्यवस्था को देखते हुए दोपहिया वाहन में तीन सौ रुपये और चार पहिया वाहन में एक हजार रुपये का पेट्रोल देना सुनिश्चित करें तथा पेट्रोल एवं डीजल को ड्रम, जेरीकेन या बोतल में विक्रय न करें।




आदेश में कहा गया है कि अतिआवश्यक सेवा में प्रयुक्त वाहन जैसे एम्बुलेंस आदि को प्राथमिकता से पेट्रोल और डीजल प्रदान करें। साय ने कहा, मैं प्रदेशवासियों से एक महत्वपूर्ण बात कहना चाहूंगा कि पश्चिम एशिया में युद्ध जैसी जो स्थिति बनी हुई है, उसका प्रभाव पूरे विश्व पर पड़ रहा है, उससे हमारा देश भी अछूता नहीं है। ऐसे समय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से अपील की है कि हम सभी पेट्रोल-डीजल जैसे महत्वपूर्ण संसाधनों के उपयोग में संयम और सावधानी बरतें तथा अनावश्यक खपत से बचें। ऐसी खरीददारी भी न करें, जिससे देश का पैसा विदेशों में जाए। साय ने कहा है, मैं भी प्रदेशवासियों से आग्रह करता हूं कि किसी भी प्रकार की अफवाह या घबराहट में न आएं। राज्य में पेट्रोल, डीजल और गैस का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। लोगों को जिस प्रकार पहले ईंधन उपलब्ध होता रहा है, उसी प्रकार आगे भी मिलता रहेगा।

### श्रीलंका ने मुद्रा में और गिरावट को रोकने कारों के आयात पर अधिभार लगाया

**कोलंबो।** श्रीलंका सरकार ने देश की मुद्रा की विनिमय दर में लगातार गिरावट को देखते हुए मोटरसाइकिल और तिपहिया वाहनों को छोड़कर अन्य वाहनों के आयात पर 50 प्रतिशत अधिभार लगाया है। राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने शनिवार को जारी अधिसूचना में कहा, इस आदेश द्वारा अनुसूची में निर्दिष्ट आयातित वस्तुओं पर लागू सीमा शुल्क पर 50 प्रतिशत की दर से अधिभार लगाया जाएगा, जो 16 मई से तीन महीने की अवधि के लिए प्रभावी होगा। श्रीलंकाई मुद्रा इस महीने के मध्य तक अमेरिकी डॉलर के मुकाबले तीन प्रतिशत से अधिक टूटा है। इसका मुख्य कारण बाहरी दबाव हैं, खासकर ईरान युद्ध, जिसके कारण ईंधन के आयात पर खर्च काफी बढ.गया है। वर्ष की शुरुआत में श्रीलंकाई मुद्रा डॉलर के मुकाबले 309-310 के स्तर पर था, जो अब बढकर 322 से अधिक हो गया है। वित्त उपमंत्री अनिल जयंत फर्नांडो ने इसे अस्थायी कदम बताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य आयातकों को तीन महीने तक खरीदारी टालने के लिए प्रेरित करना है, जिससे विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव कम किया जा सके।

# अफगानिस्तान के भारत दौरे पर बुमराह के चयन पर नजरें

## वनडे में प्रिंस की दावेदारी मजबूत

**नयी दिल्ली।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करने वाले जसप्रीत बुमराह अगले महीने अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली श्रृंखला में या तो एकमात्र टेस्ट मैच खेलेंगे या फिर तीन मैचों की वनडे श्रृंखला का हिस्सा होंगे।

राष्ट्रीय चयन समिति 19 मई को टीम घोषित करने को लेकर बुमराह के कार्यभार पर विशेष नजर रखे हुए है। छह से 10 जून तक न्यू चंडीगढ. में खेले जाने वाला एकमात्र टेस्ट मैच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा नहीं है। इसके बाद वनडे श्रृंखला के मुकाबले 14 जून (धर्मशाला), 17 जून (लखनऊ) और 20 जून (चेन्नई) में आयोजित होंगे। यह द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला इसलिए भी चर्चा में है क्योंकि विराट कोहली और रोहित शर्मा फिलहाल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर केवल इसी प्रारूप में खेलते नजर आते हैं। इस बीच दिल्ली के युवा तेज गेंदबाज प्रिंस यादव का नाम चयन बैठक में गंभीरता से चर्चा का विषय बन सकता है। विजय हजारे ट्रॉफी के पिछले सत्र में उन्होंने आठ मैचों में 17 विकेट लेकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया था। उन्होंने आईपीएल 2026 में भी 12 मुकाबलों में 16 विकेट लेकर प्रभावित किया है। विराट कोहली को शानदार सीम गेंद पर आउट करना उनके प्रदर्शन का सबसे बड़ा आकर्षण रहा। र्हिषत राणा के जल्द फिट होने की संभावना कम होने के कारण प्रिंस को आजमाने के लिए यह श्रृंखला उपयुक्त मानी जा रही है।

अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति टेस्ट टीम में किसी बड़े प्रयोग से बचना चाहेगी। श्रीलंका और न्यूजीलैंड के आगामी विदेशी दौरों को ध्यान में रखते हुए पिछले एक वर्ष में लगातार मौका पाने वाले खिलाड़ियों पर ही भरोसा जताया जा सकता है।

## भ्रष्टाचार मामले में आईएएस अधिकारी पद्मा जायसवाल बर्खास्त

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने भ्रष्टाचार और लापरवाही के खिलाफ अपनी जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत एक बेहद दुर्लभ और सख्त कदम उठाया है। 2003 बैच की एजीएमयूटी कैडर की वरिष्ठ आईएएस अधिकारी पद्मा जायसवाल को सरकारी सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, यह निलंबन और बर्खास्तगी का अंतिम आदेश कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की सिफारिश पर भारत की राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद जारी किया गया है। गौरतलब है कि कार्मिक विभाग सीधे प्रधानमंत्री कार्यालय के अधीन कार्य करता है और यह कैडर से जुड़े मामलों में केंद्रीय गृह मंत्रालय की सिफारिशों पर अंतिम निर्णय लेता है। हालांकि, इस पूरे घटनाक्रम और आदेश पर पद्मा जायसवाल ने



किसी भी तरह की जानकारी होने से इनकार किया है। यह सख्त प्रशासनिक कार्रवाई करीब 18 साल पुराने एक गंभीर मामले से जुड़ी हुई है। यह पूरा मामला वर्ष 2007-08 का है, जब पद्मा जायसवाल अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामेंग जिले में उपायुक्त (डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट) के पद पर तैनात थीं। फरवरी 2008 में वहां के स्थानीय निवासियों द्वारा उनके खिलाफ एक आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसमें उन पर अपने पद का दुरुपयोग करने और बड़े पैमाने पर सरकारी धन के गबन के गंभीर आरोप लगाए गए थे। इन वित्तीय अनियमितताओं और आरोपों के बाद उन्हें अप्रैल 2008 में सस्पेंड कर दिया गया था। हालांकि, बाद में अक्टूबर 2010 में उनका निलंबन बहाल भी कर दिया गया था। पद्मा जायसवाल ने अपने दो दशक से अधिक लंबे प्रशासनिक करियर में देश के कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में काम किया। उन्होंने अरुणाचल प्रदेश, दिल्ली, गोवा और पुडुचेरी में कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों पर अपनी जिम्मेदारी संभाली थी। शैक्षणिक योग्यता की बात करें तो उन्होंने सेंट जेवियर्स स्कूल से शुरुआती पढ़ाई करने के बाद पंजाब यूनिवर्सिटी के यूनिवर्सिटी बिजनेस स्कूल से उच्च शिक्षा प्राप्त की थी। उनके पास एमबीए की डिग्री है और वह इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया से प्रमाणित कंपनी सेक्रेटरी भी हैं। वह यूजीसी रिसर्च फेलो के रूप में भी कार्य कर चुकी हैं। लेकिन इतने मजबूत शैक्षणिक और प्रशासनिक बैकग्राउंड के बावजूद भ्रष्टाचार के पुराने मामले में लगे आरोपों के चलते आखिरकार उन्हें सेवा से हाथ धोना पड़ा।

## बिश्नोई गैंग की खुली धमकी : अगली बार सीधे सिर में गोली

पुणे (एजेंसी)। पुणे में कारोबारी अशोक नैन के एजे फर्नीचर मॉल पर हुई फायरिंग की घटना ने फिर शहर की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठा दिए हैं। इस मामले में अब कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग का नाम सामने आने से सनसनी मच गई है। गैंग की ओर से आरजू बिश्नोई और फरार गैंगस्टर शुभम लोनकर ने पोस्ट कर हमले की जिम्मेदारी लेने का दावा किया है। इसके साथ ही एक ऑडियो क्लिप भी तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें आरजू की आवाज़ होने का दावा हो रहा है और कारोबारी को सीधे जान से मारने की धमकी दी गई है। वायरल ऑडियो में खुद को आरजू बिश्नोई बताकर एक व्यक्ति स्पष्ट कहता है कि पुणे के मॉल पर जो फायरिंग हुई है, उसकी जिम्मेदारी वह और उसका गिरोह लेते हैं। ऑडियो में दावा किया गया है कि कारोबारी नैन को पहले समझाने की कोशिश की गई थी, लेकिन पैसों के घमंड के कारण कारोबारी ने बात नहीं मानी। इसके बाद कारोबारी को छोटा सा ट्रेलर दिखाने की बात कही गई, जो मॉल पर फायरिंग के रूप में सामने आया। ऑडियो में सीधे तौर पर धमकी देकर कहा गया है कि अगली बार गोली मॉल पर नहीं, बल्कि सीधे अशोक के सिर पर चलाई जाएगी। इस खौफनाक धमकी भरे वायरल ऑडियो और पोस्ट के सामने आने के बाद दिल्ली और पुणे पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह अलर्ट हुई हैं। शुरुआती जांच में सोशल मीडिया पोस्ट और ऑडियो की सत्यता की जांच हो रही है। साइबर सेल यह पता लगाने में जुटी है कि यह ऑडियो वास्तव में गैंग से जुड़ा है या किसी अन्य माध्यम से दहशत फैलाने के लिए तैयार किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, शुभम लोनकर का नाम पहले भी कई गंभीर आपराधिक मामलों में सामने आ चुका है, विशेष रूप से एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड की साजिश से जुड़ाव के आरोपों के बाद वह फरार बताया जा रहा है। जांच एजेंसियां मानती हैं कि यह गैंग व्यापारियों और बड़े कारोबारियों को डराकर उनसे जबरन वसूली करने की कोशिश कर रहा है। फायरिंग की इस घटना और उसके बाद मिली जानलेवा धमकी से लोकल व्यापारियों में दहशत का माहौल है। कई व्यापारियों ने अपनी सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है और पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी है और संदिग्धों की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## मोदी कैबिनेट में बड़े फेरबदल की सुगबुगाहट : आगामी चुनावों और 2029 की रणनीति पर फोकस

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव 2024 के बाद से ही केंद्रीय मंत्रिमंडल में बड़े फेरबदल और विस्तार की अटकलें तेज हुई हैं। प्रधानमंत्री मोदी के लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए 9 जून 2024 को शपथ ग्रहण के बाद से अब तक केंद्रीय कैबिनेट में कोई बदलाव नहीं हुआ है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने भले ही केंद्र में अपने दम पर पूर्ण बहुमत हासिल नहीं किया है, लेकिन जनता दल (यूनाइटेड) और तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) जैसे अपने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सहयोगियों के समर्थन से सरकार का गठन किया है। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि भाजपा ने अभी तक सहयोगी दलों के साथ अतिरिक्त मंत्री पदों की संभावनाओं को लेकर कोई औपचारिक चर्चा शुरू नहीं की है, लेकिन जल्द ही इस दिशा में भी कदम उठाए जा सकते हैं। हाल ही में प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक ने इन अटकलों को और हवा दी थी। हालांकि, एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि मंत्रिपरिषद की बैठकें नियमित अंतराल पर होती रहती हैं और मौजूदा परिस्थितियों में ऐसी बैठक असामान्य नहीं है। भाजपा के भीतर हो रहे ये संगठनात्मक और संभावित सरकारी बदलाव आगामी चुनावी रणनीतियों के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण हैं। पार्टी इसके जरिए 2027 के विधानसभा चुनावों, राष्ट्रपति चुनाव और विशेष रूप से 2029 के लोकसभा चुनावों के लिए एक मजबूत आधार तैयार करने की दिशा में काम कर रही है। इसी कड़ी में संभावना है कि कुछ वरिष्ठ नेताओं, जो वर्तमान में केंद्रीय मंत्री हैं या प्रदेश अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं, उन्हें संगठन को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय टीम में भेजा जा सकता है। पार्टी का जोर युवा नेतृत्व, महिलाओं और कुछ पेशेवरों को भी मौका देने पर है, क्योंकि भाजपा अगले दशक की अपनी चुनावी रणनीति बना रही है।

# उत्तर भारत में हाहाकार मचाएगी भीषण लू

### समय से पहले आ रहा मॉनसून!

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के विभिन्न हिस्सों में इस समय मौसम के कई अलग-अलग और विपरीत रूप देखने को मिल रहे हैं। जहां एक तरफ उत्तर और मध्य भारत झुलसाने वाली भीषण लू (हीटवेव) की चपेट में आने की कगार पर है, वहीं दूसरी तरफ दक्षिण और पूर्वोत्तर राज्यों में मूसलाधार बारिश का दौर जारी है। इस बीच, भीषण गर्मी से परेशान लोगों के लिए एक राहत भरी खबर भी सामने आई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के इस बार तय समय से लगभग एक सप्ताह पहले यानी 26 मई तक केरल तट पर दस्तक देने की प्रबल संभावना है, जबकि इसकी सामान्य तिथि 1 जून होती है।



वर्तमान में उत्तर प्रदेश मौसम की सबसे गंभीर और दोहरी मार झेल रहा है। राज्य में हाल ही में आए विनाशकारी आंधी-तूफान के कारण भारी तबाही हुई है और 100 से अधिक लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। मौसम विभाग ने आगरा, मथुरा, कानपुर, वाराणसी, मिर्जापुर, बलिया और बरेली सहित समूचे पश्चिमी यूपी बेल्ट में फिर से बारिश और 65 किमी/घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की चेतावनी जारी की है। इस आंधी-पानी के बीच राजधानी लखनऊ सहित कई इलाकों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया है। आने वाले दिनों में राहत की उम्मीद बेहद कम है, क्योंकि राज्य में 16 से 21 मई के बीच भीषण लू का अलर्ट जारी किया गया है, खासकर 18 और 19 मई को गंभीर लू चलने की आशंका है।

दूसरी तरफ, उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के कई राज्यों में अगले कुछ दिनों में तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की और बढ़ोतरी होने का अनुमान है। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में 17 से 21 मई के बीच गंभीर हीटवेव की चेतावनी जारी की गई है। दिल्ली में अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। हालांकि, आज शाम राजधानी में आंशिक रूप से बादल छाए रहने की उम्मीद है, लेकिन यह गर्मी से राहत देने के लिए नाकाफी होगा। राजस्थान, मध्य प्रदेश और विदर्भ में भी पारा सामान्य से 5 डिग्री सेल्सियस ऊपर बना हुआ है। पश्चिमी राजस्थान में जहां भीषण लू का प्रकोप रहेगा, वहीं पूर्वी हिस्से के अलवर, जोधपुर और अजमेर जैसे जिलों में धूल भरी आंधी और बारिश का अलर्ट है। छत्तीसगढ़ और झारखंड में भी गर्म हवाएं चलने की आशंका है।

इसके विपरीत, देश के पूर्वी, पूर्वोत्तर और दक्षिणी हिस्सों में प्री-मॉनसून गतिविधियों के कारण मौसम मेहरबान है। असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड सहित पूरे पूर्वोत्तर में अगले एक सप्ताह तक भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान है। वहीं, बिहार और पश्चिम बंगाल में खाड़ी से आ रहे निम्न दबाव के क्षेत्र के कारण 80 से 85 किमी/घंटे की तूफानी हवाओं के साथ भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। दक्षिण भारत के केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक में भी अच्छी प्री-मॉनसून बारिश हो रही है। अंडमान सागर और बंगाल की खाड़ी में परिस्थितियां पूरी तरह अनुकूल हो चुकी हैं, जिससे मॉनसून तेजी से आगे बढ़ रहा है। हालांकि, प्रशांत महासागर में उभरते अल नीनो के प्रभाव के कारण कुछ क्षेत्रों में कुल वर्षा सामान्य से कम रहने की आशंका भी जताई गई है।

## कश्मीर में शराबबंदी की मांग को लेकर सीएम आवास घेरा, कहा- हम भीख मांग लेंगे पर शराब बंद कीजिए

जम्मू (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के आवास के बाहर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। बीजेपी की मुख्य मांग कश्मीर घाटी में पूर्ण रूप से शराबबंदी लागू करने की है। प्रदर्शन के दौरान स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कई प्रमुख नेताओं को हिरासत में ले लिया, जिन्हें बाद में रिहा कर दिया गया। बीजेपी ने चेतावनी दी है कि यदि नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) सरकार ने शराबबंदी पर जल्द कदम नहीं उठाया, तो पार्टी दक्षिण कश्मीर के काजीगुंड से लेकर उत्तर कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास स्थित करनाह तक बड़े पैमाने पर आंदोलन शुरू करेगी। मुख्यमंत्री आवास के बाहर मीडिया से बात करते हुए बीजेपी नेता अल्ताफ ठाकुर ने कहा कि कश्मीर सूफियों और संतों की पवित्र भूमि है, और यहां किसी भी कीमत पर नई शराब की दुकानें खुलने नहीं दी जाएंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि नेशनल कॉन्फ्रेंस की सरकार युवाओं को नशे की ओर धकेल रही है। वहीं, प्रदर्शन में शामिल बीजेपी महासचिव अनवर खान ने मुख्यमंत्री और फारूक अब्दुल्ला पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर सरकार को केवल शराब से मिलने वाले राजस्व (रेवेन्यू) की ही चिंता है, तो बीजेपी कार्यकर्ता सत्तारूढ़ पार्टी के लिए मस्जिदों के बाहर भीख मांगकर पैसे जुटाने को तैयार हैं, लेकिन युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेंगे। कार्यकर्ताओं ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा शुरू किए गए 100 दिवसीय नशामुक्ति अभियान के दायरे में शराब की बिक्री को भी शामिल करने की मांग की। यह पूरा विवाद तब शुरू हुआ जब मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने हाल ही में जम्मू-कश्मीर में शराबबंदी की मांग को पूरी तरह खारिज कर दिया था। इसके बाद नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने भी सरकार का बचाव करते हुए कहा कि साल 1977 में शेख मोहम्मद अब्दुल्ला ने भी राजस्व के भारी नुकसान को देखते हुए बैन लगाने से इनकार किया था।

## जो लोग पार्टी छोड़ना चाहते हैं वे ऐसा करने के लिए स्वतंत्र हैं

**-हार के बाद ममता ने बैठक में कहा- मैं नए सिरे से खड़ी करूंगी पार्टी**

**कोलकाता (एजेंसी)।** तृणमूल कांग्रेस की हार के बाद पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने हाल के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाग लेने वाले अपने उम्मीदवारों से पार्टी संगठन को फिर से खड़ा करने का आह्वान किया है उन्होंने कहा कि जो लोग पार्टी छोड़ना चाहते हैं वे ऐसा करने के लिए स्वतंत्र हैं। यहां कालीघाट में अपने घर पर तृणमूल उम्मीदवारों के साथ हुई बैठक में उन्होंने कहा कि हाल के विधानसभा चुनाव में करारी हार के बावजूद पार्टी संगठन फिर से उठ खड़ा होगा। इस बैठक में पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी भी मौजूद थे।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक ममता बनर्जी ने कहा कि जो लोग दूसरी पार्टियों में जा रहे हैं, उन्हें जाने दीजिए। मैं पार्टी को नए सिरे से खड़ा करूंगी। जो लोग पार्टी में बने रहेंगे, उनसे मैं कहती हूं कि क्षतिग्रस्त पार्टी कार्यालयों को फिर से तैयार कीजिए, उन्हें रंगिए और फिर से खोलिए। जरूरत पड़ने पर मैं भी उन्हें रंग दूंगी। टीएमसी कभी नहीं झुकेगी। जनादेश लूटा गया है। चुनावी नतीजों में नाटकीय उलटफेर के बाद टीएमसी के सत्ता गंवाने के कुछ दिनों बाद ममता बनर्जी की ये टिप्पणियां सामने आईं।

पार्टी ने लिखा कि आज, हमारी अध्यक्ष ममता बनर्जी और हमारे राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने कालीघाट में हमारे उम्मीदवारों से मुलाकात की। उन्होंने अकल्पनीय अत्याचारों और निरंतर धमकियों का सामना करते हुए भी अद्वितीय साहस के साथ चुनाव लड़ा। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने बताया कि बनर्जी ने इस बैठक का इस्तेमाल चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों का मनोबल बढ़ाने के लिए किया। पश्चिम बंगाल में सत्ता गंवा चुकी टीएमसी ने वफादारी और राजनीतिक ताकत के महत्व देने का संदेश देते हुए पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने गुरुवार को काकोली घोष दस्तीदार को हटाकर कल्याण बनर्जी को लोकसभा में दल का मुख्य व्हिप नियुक्त किया। रिपोर्ट के मुताबिक कल्याण को पार्टी के आंतरिक उथल-पुथल के बीच लोकसभा में तृणमूल के मुख्य व्हिप के पद से हटा दिया गया था। हालांकि, अब पार्टी ने अपने सबसे कठिन राजनीतिक दौर में कल्याण पर भरोसा जताया है। ममता ने बैठक के बाद कल्याण को मुख्य सचेतक बनाने की घोषणा की। उनका यह कदम पार्टी सांसदों से एकजुट रहने की अपील के बीच आया है। बैठक में सभी सांसद मौजूद थे। यह बैठक समीक्षा, मनोबल बढ़ाने और राजनीतिक संदेश देने के लिए आयोजित की गई थी।

# 2047 तक नशामुक्त भारत का लक्ष्य तय, गिरोहों को खत्म करने रोडमैप तैयार

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने की नशे को उखाड़ फेंकने की डेडलाइन तय

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली, (ईएमएस)। विदेशों से खुफिया जानकारी जुटाने और उसका विश्लेषण करने वाली भारत की प्रमुख एजेंसी, रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) ने वार्षिक व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस वर्ष मादक पदार्थ-एक सीमाहीन खतरा, एक सामूहिक जिम्मेदारी विषय पर कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने 2047 तक नशामुक्त भारत का लक्ष्य तय किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने मादक पदार्थों के गिरोहों को खत्म करने के लिए एक रोडमैप तैयार किया है और इस लक्ष्य की दिशा में काम कर रही हैं।



केंद्रीय मंत्री शाह ने साफ कहा कि मादक पदार्थों के प्रति भारत की जीरो टोलरेंस की नीति के तहत, देश यह तय करेगा कि एक ग्राम भी मादक पदार्थ देश में प्रवेश न कर सके या भारत को पारगमन मार्ग के रूप में इस्तेमाल करके देश से बाहर न जा सके। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मादक पदार्थों की तस्करी केवल पुलिस या मादक पदार्थों के खिलाफ काम करने वाली कानून-व्यवस्था का मामला नहीं है, बल्कि इसका समाज और आने वाली पीढ़ियों पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ता है। इसलिए, उन्होंने कहा कि इसके लिए एक व्यापक समाधान की जरुरत है। उन्होंने यह भी कहा कि हालांकि मादक पदार्थों के धन का इस्तेमाल आतंकवादियों और आपराधिक गिरोहों को वित्त पोषित करने और समानांतर अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है, लेकिन मादक पदार्थों के सेवन से मानव शरीर को होने वाले स्थायी नुकसान पर बड़े पैमाने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

शाह ने चेतावनी दी कि इस खतरे को हराने के लिए दुनिया के सभी जिम्मेदार देशों के पास अभी भी मिलकर काम करने का समय है, और कहा कि अगर अभी संयुक्त प्रयास शुरू नहीं किए गए, तो 10 साल बाद दुनिया को पता चलेगा कि जो नुकसान हुआ है उसे ठीक करने में बहुत देर हो चुकी है। शाह ने मादक पदार्थों के खिलाफ युद्ध में एक एकीकृत वैश्विक प्रयास का आह्वान किया और इस मुद्दे से निपटने के लिए एक एकीकृत कानूनी ढांचे की जरुरत पर बल दिया। उन्होंने आगे कहा कि जब तक नियंत्रित पदार्थों की परिभाषा और मादक पदार्थों की तस्करी के लिए समान दंड मानकों पर वैश्विक स्तर पर एकमत नहीं होगा, तब तक मादक पदार्थों के गिरोह नीतिगत विसंगतियों का फायदा उठाते रहेंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक नशीले पदार्थों की तस्करी से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग की गुंजाइश को रेखांकित करते हुए उन्होंने मादक पदार्थों की खेपों को रोकने और ड्रग सरगनाओं को गिरफ्तार या निर्वासित करने के लिए वास्तविक समय की खुफिया जानकारी साझा करने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले दो सालों में भारत ने मित्र देशों के सहयोग से 40 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय अपराधियों को सफलतापूर्वक वापस देश में लाया है।

# पश्चिम बंगाल में योगी मॉडल की दस्तक: अतिक्रमणों पर चलेगा बुलडोजर

### यूपी से मंगवाए दो दर्जन बुलडोजर

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में एक नई सरकार के गठन के बाद, राज्य में सख्त प्रशासनिक अभियान शुरू हुआ है, जिसमें योगी मॉडल का प्रभाव साफ दिख रहा है। सिलीगुड़ी में अवैध अतिक्रमणों और अनाधिकृत ढांचों को हटाने के लिए बड़े पैमाने पर विध्वंस अभियान की तैयारी हो रही है। दार्जिलिंग के सांसद राजू बिस्टा ने पुष्टि की है कि इस अभियान को गति देने के लिए उत्तर प्रदेश से 24 बुलडोजर मंगाए गए हैं, जो जल्द ही कार्रवाई में दिखाई देने वाले है। इस अभियान की रूपरेखा तय करने के लिए सिलीगुड़ी उपमंडल कार्यालय में एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक बैठक आयोजित की गई थी। इसमें उपमंडल मजिस्ट्रेट (एसडीएम), पुलिस आयुक्त, दार्जिलिंग जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक का मुख्य एजेंडा कानून व्यवस्था को मजबूत करना, अवैध निर्माणों को हटाना, मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाना और अवैध शराब की दुकानों व पबों पर कार्रवाई करना था।



बैठक के बाद सांसद बिस्टा ने स्पष्ट किया कि सिलीगुड़ी में बड़े पैमाने पर अनाधिकृत निर्माण हो चुके हैं, जिन्हें कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने जोर दिया कि इन अवैध ढांचों को तेजी से हटाने के लिए ही उत्तर प्रदेश से दो दर्जन बुलडोजर मंगवाए गए हैं। सांसद बिस्टा ने सिलीगुड़ी नगर निगम की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाकर आरोप लगाया कि वहां पूरे शहर में अवैध निर्माण रोकने में पूरी तरह विफल रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि सरकारी जमीन, नदी किनारे और शहर के अन्य संवेदनशील क्षेत्रों पर हुए अवैध अतिक्रमणों को तत्काल प्रभाव से हटाया जाना चाहिए, अन्यथा प्रशासन बुलडोजर का इस्तेमाल कर उन्हें ध्वस्त करेगा। सांसद बिस्टा ने कहा कि सिर्फ अतिक्रमण ही नहीं, बल्कि नशीले पदार्थों के नेटवर्क, अवैध नदी खनन, अनाधिकृत टोल वसूली और भूमि दलाली जैसी गतिविधियों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बात दें कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान, भाजपा नेताओं ने राज्य में योगी मॉडल को लागू करने का वादा किया था। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में, आपराधिक गिरोहों और अवैध अतिक्रमणों पर की गई बुलडोजर कार्रवाई ने राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक ध्यान आकर्षित किया था, जिसे कानून व्यवस्था में सुधार और माफिया गतिविधियों पर अंकुश लगाने का श्रेय दिया जाता है। अब बंगाल में शुरू हो रहे ये सख्त उपाय, राज्य में इसी दृष्टिकोण को दोहराने की दिशा में एक बड़ा कदम माने जा रहे हैं, जो प्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था में एक नए अध्याय का संकेत देते हैं।

# चारधाम यात्रा में चिंताजनक आंकड़ा : 25 दिनों में 40 श्रद्धालुओं की मौत

**-केदारनाथ में सर्वाधिक जान गई**

**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड की प्रसिद्ध चारधाम यात्रा इस वर्ष रिकॉर्ड संख्या में श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही है, लेकिन इसके साथ ही मौतों का चिंताजनक आंकड़ा सामने आया है। यात्रा शुरू होने के मात्र 25 दिनों के भीतर, 19 अप्रैल से 13 मई तक, कुल 40 श्रद्धालुओं की जान गई है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की 14 मई सुबह 10 बजे जारी रिपोर्ट के अनुसार, 13 मई तक 12 लाख 64 हजार 217 श्रद्धालुओं ने चारों धामों के दर्शन किए हैं, लेकिन इस भारी संख्या के बीच मौतों का बढ़ता आंकड़ा गंभीर चिंता का विषय है। रिपोर्ट के मुताबिक, सबसे ज्यादा 22 मौतें केदारनाथ धाम में दर्ज की गई हैं, जो यात्रा का सबसे दुर्गम पड़ाव माना जाता है। इसके अलावा, बद्रीनाथ में 7, यमुनोत्री में 6 और गंगोत्री में 5 श्रद्धालुओं की मृत्यु हुई है। स्वास्थ्य विभाग ने इन मौतों के पीछे मुख्य कारणों में हार्ट अटैक, हाई एल्टीट्यूड सिकनेस (ऊंचाई पर होने वाली बीमारी),




हाइपरटेंशन और अन्य पुरानी बीमारियों को बताया है। यात्रा मार्ग के ऊंचाई वाले क्षेत्रों से होकर गुजरने और ऑक्सीजन का स्तर कम होने के कारण बुजुर्गों तथा पहले से बीमार यात्रियों की तबीयत बिगड़ने के मामले अधिक सामने आ रहे हैं। एक ओर राज्य सरकार लगातार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं और मेडिकल तैयारियों का दावा कर रही है। यात्रा शुरू होने से पहले ही कई समीक्षा बैठकें आयोजित की गई थीं और सभी विभागों को तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए थे। यात्रियों के लिए विशेष एडवाइजरी भी जारी की गई थी, जिसमें बुजुर्गों, हाई ब्लड प्रेशर, शुगर और हृदय रोग से पीड़ित लोगों को यात्रा से पहले स्वास्थ्य जांच कराने और सावधानी बरतने की सलाह दी गई थी। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. सुबोध उनियाल ने भी यात्रियों से शरीर के संकेतों को नजरअंदाज न करने और परेशानी होने पर तुरंत रुकने की अपील की है। उन्होंने कहा कि कई यात्री अत्यधिक उत्साह में तेजी से यात्रा पूरी करने का प्रयास करते हैं, जिससे हार्ट अटैक और हाई एल्टीट्यूड की समस्या बढ़ जाती है। यह स्थिति यात्रा मार्ग पर स्वास्थ्य चुनौतियों की गंभीरता को रेखांकित करती है, जहां श्रद्धालुओं को अत्यधिक सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

# अरावली खनन पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, अगले आदेश तक कोई अनुमति नहीं

**-विशेषज्ञ समिति की नई परिभाषा तय होने तक अरावली के ÷एक इंच÷ हिस्से में भी खनन पर रोक**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने अरावली पर्वतमाला में खनन गतिविधियों को लेकर सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने स्पष्ट कहा, कि जब तक अदालत द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति अरावली पहाड़ियों और पर्वतमालाओं की नई परिभाषा तय नहीं कर देती, तब तक क्षेत्र के किसी भी हिस्से में खनन की अनुमति नहीं दी जाएगी। अदालत ने दो टूक कहा कि अरावली के ÷एक इंच÷ हिस्से का भी खनन के लिए इस्तेमाल नहीं होने दिया जाएगा।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने शुक्रवार को मामले की सुनवाई के दौरान कहा, कि यह अत्यंत संवेदनशील विषय है और अदालत इसकी ÷टुकड़ों में सुनवाई÷ नहीं करेगी। पीठ ने कहा कि जब तक न्यायालय पूरी तरह संतुष्ट नहीं हो जाता, तब तक किसी भी प्रकार की गतिविधि की अनुमति नहीं दी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट वर्तमान में 'अरावली पहाड़ियों और पर्वतमालाओं की परिभाषा और संबंधित मुद्दे' शीर्षक से स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई कर रहा है। सुनवाई के दौरान प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि अरावली क्षेत्र में जो कुछ हो रहा है, उसे लेकर अदालत को जो प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं, वे काफी चिंताजनक हैं।

पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि फिलहाल किसी भी खनन पट्टा धारक के पक्ष में कोई राहत नहीं दी जाएगी। अदालत ने कहा कि यदि किसी खनन पट्टे को रद्द किया जाता है, तो संबंधित पक्ष उसे कानूनी रूप से चुनौती दे सकता है, लेकिन अदालत जल्दबाजी में कोई आदेश पारित नहीं करेगी।

### नए खनन पट्टे पर पहले लगी रोक

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 20 नवंबर 2025 को अरावली पहाड़ियों और पर्वतमालाओं की एक समान परिभाषा को मंजूरी देते हुए दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात में आने वाले अरावली क्षेत्रों में नए खनन पट्टे जारी करने पर रोक लगा दी थी। यह फैसला विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट के आधार पर लिया गया था। समिति ने अपनी सिफारिश में कहा था कि जिस भू-भाग की ऊंचाई स्थानीय स्तर से 100 मीटर या उससे अधिक हो, उसे अरावली पहाड़ी माना जाए। वहीं, 500 मीटर के भीतर स्थित दो या अधिक पहाड़ियों के समूह को अरावली पर्वतमाला की श्रेणी में रखा जाए।

### नई परिभाषा पर आपत्तियां

हालांकि, इस नई परिभाषा को लेकर पर्यावरणविदों और विभिन्न संगठनों ने गंभीर आपत्तियां जताई थीं। उनका कहना था कि 100 मीटर ऊंचाई और 500 मीटर दूरी का मानदंड लागू होने से अरावली के बड़े हिस्से पर्यावरणीय संरक्षण के दायरे से बाहर हो सकते हैं। विरोध के बाद सुप्रीम कोर्ट ने 29 दिसंबर 2025 को



अपने पूर्व आदेश पर रोक लगा दी थी और सभी खनन गतिविधियों पर अंतरिम प्रतिबंध जारी रखा था। अब अदालत ने साफ संकेत दे दिए हैं कि पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे पर किसी प्रकार की ढील नहीं दी जाएगी और विशेषज्ञ समिति की अंतिम रिपोर्ट आने तक अरावली में खनन पूरी तरह बंद रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बोलीविया की राजधानी में खनिकों और पुलिस के बीच झड़प

**सुक्रे, एजेंसी।** शुक्रवार को बोलीविया की राजधानी में खनिकों और पुलिस के बीच झड़पें हुईं। खनिक सरकारी महल में घुसने का प्रयास कर रहे थे और डायनामाइट चार्ज का उपयोग कर रहे थे। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस छोड़ी। खनिक श्रम सुधारों, ईंधन और राष्ट्रपति के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। राष्ट्रपति रोड्रिगो पाज के प्रशासन को चुनौती मिल रही है। किसानों की मांग पर एक कानून रद्द होने के बावजूद प्रदर्शन जारी हैं।

### अमेरिकी सीमा गश्ती प्रमुख माइकल बैंक्स का इस्तीफा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की संघीय सीमा गश्ती एजेंसी के प्रमुख माइकल बैंक्स ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने फॉक्स न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में बताया कि उनका इस्तीफा तुरंत प्रभावी है। बैंक्स ने कहा कि यह सही समय है। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने देश की सीमा को सबसे सुरक्षित बना दिया है। पहले यह सीमा कम सुरक्षित और अराजक थी। गृह सुरक्षा विभाग ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

### रूबियो ने कहा- ताइवान पर चीन की सैन्य कार्रवाई बड़ी गलती होगी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** ट्रंप के साथ चीन दौरे पर आए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने बृहस्पतिवार को साफ किया कि ताइवान के प्रति अमेरिका की नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। चीन की ओर से बलपूर्वक ताइवान पर कब्जा करना चीन की भयानक भूल होगी। रुबियो ने कहा कि चीन, द्विपक्षीय वार्ताओं के दौरान लगातार ताइवान का मुद्दा उठाता है। हालांकि, जिनपिंग की ओर से दी गई चेतावनी पर उन्होंने कोई सीधी टिप्पणी करने से परहेज किया।

### कनाडा ने 2050 तक बिजली ग्रिड दोगुना करने की रणनीति पेश की

**ओटावा, एजेंसी।** कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने शुक्रवार को स्वच्छ बिजली रणनीति का अनावरण किया। इसका लक्ष्य 2050 तक कनाडा के बिजली ग्रिड को दोगुना करना और ऊर्जा लागत कम करना है। इस रणनीति में प्राकृतिक गैस की बड़ी भूमिका होगी। निर्माण पर 1 ट्रिलियन कनाडाई डॉलर से अधिक खर्च होने का अनुमान है। कार्नी ने कहा कि यह योजना सामर्थ्य, प्रतिस्पर्धा और शुद्ध शून्य उत्सर्जन का मार्ग है। इसमें पनबिजली, परमाणु, पवन, सौर सहित विभिन्न ऊर्जा स्रोतों का उपयोग होगा। कनाडाई जलवायु संस्थान ने इसे सही दिशा में बताया पर कुछ मुद्दे अस्पष्ट हैं।

### आतंक के खिलाफ भारत-फिलीपीन एकजुट, बढ़ेगा तकनीकी सहयोग

**मनीला, एजेंसी।** भारत और फिलीपीन ने आतंकवाद के खिलाफ सहयोग और मजबूत करने पर सहमति जताई है। मनीला में आयोजित भारत-फिलीपीन आतंकरोधी संयुक्त कार्य समूह की दूसरी बैठक में दोनों देशों ने सीमा पार आतंकवाद समेत हर प्रकार के आतंकवाद की कड़े शब्दों में निंदा की। बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने भारत में हाल में हुए आतंकी हमलों का भी जिक्र किया। इसमें पिछले वर्ष 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले और 10 नवंबर को लाल किले के पास हुए विस्फोट की कड़ी आलोचना की गई। फिलीपीन ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के प्रति अपनी एकजुटता और अटूट समर्थन दोहराया। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव डॉ. विनोद बहाड़े ने किया, जबकि फिलीपीन की ओर से विदेश विभाग के सहायक सचिव मार्शल लुई एम. अल्फेरेज सह-अध्यक्ष रहे। विदेश मंत्रालय के अनुसार, बैठक में आतंकियों द्वारा उभरती तकनीकों के दुरुपयोग को रोकने और आतंकवाद के वित्तपोषण पर लगाम लगाने के लिए खुफिया और अन्य सूचनाएं साझा करने पर सहमति बनी। दोनों देशों ने कानून प्रवर्तन, न्यायिक सहायता और क्षमता निर्माण के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा की। बैठक में कट्टरपंथ और हिंसक उग्रवाद को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने पर भी विचार-विमर्श हुआ। दोनों देशों ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय सहयोग को और व्यापक बनाने की जरूरत है। भारत और फिलीपीन ने संयुक्त राष्ट्र, एफएटीएफ और आसियान क्षेत्रीय मंच जैसे बहुपक्षीय मंचों पर एक-दूसरे का समर्थन जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने फिलीपीन की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के वरिष्ठ अधिकारियों से भी मुलाकात की।

# फिर कटघरे में काश पटेल, समुद्र में छुट्टी और यात्राओं को लेकर चौंकाने वाले दावे

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई के निदेशक काश पटेल एक बार फिर मुश्किलों में घिर गए हैं। उन पर आरोप है कि उन्होंने अपनी सरकारी यात्राओं के दौरान काम के साथ-साथ निजी मौज-मस्ती को मिला दिया। ताजा विवाद उनके हवाई दौरे को लेकर है, जहां उन्होंने पर्ल हार्बर स्मारक जैसे पवित्र और संवेदनशील स्थान पर 'स्नॉर्कलिंग' (समुद्र की सतह पर तैरना) की। चौंकाने वाली बात यह है कि जिस जगह वह तैराकी कर रहे थे, वह द्वितीय विश्व युद्ध में शहीद हुए 900 से अधिक अमेरिकी सैनिकों की जलमग्न समाधि है। इस खुलासे के बाद अमेरिका में उनके पद के दुरुपयोग को लेकर बहस छिड़ गई है।

**हवाई दौरे के दौरान आखिर क्या छिपाया गया :** सरकारी ईमेल से मिले दस्तावेजों के आधार पर यह खुलासा हुआ है कि पिछले साल अगस्त में काश पटेल जब हवाई गए थे, तो एफबीआई ने इसे पूरी तरह सरकारी दौरा बताया था। आधिकारिक रिपोर्ट में कहा गया कि उन्होंने वहां कानून लागू करने वाली एजेंसियों से मुलाकात की। लेकिन, एफबीआई ने यह बात दबा ली कि आधिकारिक काम खत्म होने के बाद पटेल दो दिनों के लिए वहां वापस लौटे और 'वीआईपी स्नॉर्कलिंग' का लुत्फ उठाया। उन्होंने यूएसएस एरिजोना युद्धपोत के मलबे के पास तैराकी की, जो एक मिलिट्री कब्रिस्तान है। आम



लोगों के लिए यहां तैरना या गोताखोरी करना सख्त मना है, क्योंकि यह 1941 में जापान के हमले में मारे गए वीरों की याद में बना एक अत्यंत पवित्र स्थल है।

**क्या काश पटेल का यह व्यवहार एक पुराने पैटर्न का हिस्सा है :** काश पटेल पर संसाधनों के गलत इस्तेमाल के आरोप नए नहीं हैं। आलोचकों का कहना है कि वे अक्सर सरकारी विमान और सुविधाओं का उपयोग अपनी छुट्टियों और निजी शौक पूरा करने के लिए करते हैं। अभी कुछ समय पहले फरवरी में भी वह तब विवादों में आए थे, जब मिलान में शीतकालीन ओलंपिक के दौरान अमेरिकी हॉकी टीम के साथ जश्न मनाते हुए उनका वीडियो सामने आया था। उस समय पटेल ने सफाई दी थी कि वह साइबर अपराध की जांच के लिए वहां गए थे। अब पर्ल हार्बर के पवित्र स्थल पर उनकी इस गतिविधि को 'गंभीर विचलन' माना जा रहा है, जिससे उनकी पेशेवर छवि पर सवाल उठ रहे हैं।

**स्नॉर्कलिंग के लिए सेना और पार्क सर्विस ने कैसे दी अनुमति :** यूएसएस एरिजोना स्मारक की देखरेख नौसेना और नेशनल पार्क सर्विस करती है। हालांकि यहां गोताखोरी वर्जित है, लेकिन ओबामा प्रशासन के समय से ही कुछ बेहद खास वीआईपी अधिकारियों को यहां तैराकी की गोपनीय अनुमति दी जाती रही है। नौसेना ने इस बात की पुष्टि की है कि पटेल की इस यात्रा के लिए सैन्य अधिकारियों ने समन्वय किया था। तैराकी के दौरान उन्हें हिदायत दी गई थी कि वे जहाज के मलबे को न छुएं। हालांकि, पार्क सर्विस ने इस पूरे मामले से दूरी बना ली है और कहा है कि वे इस गतिविधि में शामिल नहीं थे। 1993 के बाद से किसी भी अन्य एफबीआई निदेशक ने इस तरह की गतिविधि वहां नहीं की है।

**शहीदों के सम्मान और नैतिकता पर क्या कह रहे हैं विशेषज्ञ :** पूर्व संघीय अभियोजकों और विशेषज्ञों का कहना है कि एफबीआई निदेशक का ध्यान अमेरिकी नागरिकों की सुरक्षा पर होना चाहिए, न कि ऐसी विवादास्पद गतिविधियों पर। पूर्व सैनिकों ने भी इस पर नाराजगी जताई है। एक पूर्व मरीन सैनिक ने कहा कि शहीदों की समाधि पर इस तरह मौज-मस्ती करना वैसा ही है जैसे किसी चर्च में शादी से पहले की शराब पार्टी करना। यह स्थल एक सैन्य कब्रिस्तान है और इसे पूरी गरिमा के साथ सम्मान दिया जाना चाहिए।

## आईसीसी के वांछित फिलीपीनी सीनेटर रोनाल्ड संसद से फरार

**मनीला, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) के वांछित फिलीपीन के सीनेटर रोनाल्ड डेला रोजा सीनेट (संसद) से फरार हो गए हैं। मानवता के खिलाफ अपराध के आरोपों का सामना कर रहे रोजा ने गिरफ्तारी से बचने के लिए सीनेट में शरण ले रखी थी। घटना बुधवार की रात उस समय हुई जब सीनेट की सुरक्षा में तैनात कर्मियों और एक सरकारी एजेंट के बीच तीखी बहस के दौरान अचानक गोलीबारी शुरू हो गई। इस अफरा-तफरी का फायदा उठाकर सीनेटर कड़ी सुरक्षा वाले परिसर से निकलने में कामयाब रहे। सरकारी एजेंट उन्हें गिरफ्तार करने पहुंचे थे। पूर्व पुलिस प्रमुख रहे रोजा पर आरोप है कि उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते के कार्यकाल में मादक पदार्थ विरोधी अभियान के दौरान 32 लोगों की हत्या की थी। घटना के बाद देश में तनाव को देखते हुए राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने देर रात टीवी पर संबोधन जारी कर जनता से शांति बनाए रखने की अपील की। फिलहाल, पुलिस इस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है। सीनेट के अध्यक्ष एलन कैयेतानो ने स्पष्ट किया।

## पाकिस्तान का विदेश मंत्रालय बोला - भारत में दोनों देशों के बीच संवाद की मांग उठाने का स्वागत है

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान ने भारत में दोनों देशों के बीच संवाद की मांग उठाने का स्वागत किया है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने कहा कि शांति, सुरक्षा और साझा समृद्धि को आगे बढ़ाने के लिए रचनात्मक साझेदारी और बातचीत जरूरी हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी से साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान भारत के पूर्व सेना प्रमुख जनरल (सेवानिवृत्त) मनोज नरवणे की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देने के लिए कहा गया था। जनरल नरवणे ने आरएसएस नेता दत्तात्रेय होसबाले के उस बयान का समर्थन किया था कि पाकिस्तान के साथ बातचीत के लिए हमेशा एक खिड़की खुली रहनी चाहिए।

**आधिकारिक प्रतिक्रिया का करेंगे इंतजार :पाकिस्तान :** ताहिर अंद्राबी ने कहा, 'भारत के भीतर से संवाद के लिए आवाजें उठना साफ तौर पर एक सकारात्मक विकास है। हमें उम्मीद है कि भारत की ओर से बातचीत की कोशिश होगी। हम निश्चित रूप से देखेंगे कि क्या भारत में इन आवाजों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया आती है।'

**बैक-चैनल संपर्क पर साधी चुप्पी :** हालांकि, अंद्राबी ने दोनों पक्षों के बीच बैक-चैनल संपर्क की पुष्टि या खंडन करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, 'ट्रैक टू या बैक चैनल के बारे में - खैर, मैं इसके बारे में नहीं जानता और उन पर टिप्पणी नहीं करना चाहता। अगर मैं टिप्पणी करता, तो कोई बैक चैनल नहीं होता। बैक चैनल या ट्रैक टू, नाम



अपने आप में स्पष्ट है।

**शांति और कूटनीति के प्रति प्रतिबद्धता :** प्रवक्ता ने इस बात पर भी जोर दिया कि पाकिस्तान का मानना है कि रचनात्मक साझेदारी और ईमानदार संवाद शांति, सुरक्षा और सभी के लिए साझा समृद्धि को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक हैं। उन्होंने कहा, 'हम कूटनीति के सिद्धांतों, संप्रभुता के सम्मान और सार्थक अंतरराष्ट्रीय जुड़ाव के प्रति दृढ़ता से प्रतिबद्ध हैं, जो क्षेत्रीय स्थिरता और वैश्विक सद्भाव का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

**अमेरिका-ईरान शांति वार्ता पर क्या बोला पाकिस्तान :** अमेरिका-ईरान शांति वार्ता पर उन्होंने कहा कि पाकिस्तान दोनों पक्षों के बीच स्थायी शांति के लिए अपनी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि शांति प्रक्रिया बरकरार है और चल रही है। उन्होंने कहा, 'हम कोशिशों में लगे हुए हैं। हम आशावादी बने हुए हैं। शांति प्रक्रिया में गति लाना मुख्य रूप से दो प्रमुख वार्ताकारों का विशेषाधिकार है। पाकिस्तान अपनी ओर से कोशिश में लगा हुआ है।

## होर्मुज खुलने के बाद भी तुरंत नहीं सुधरेंगे हालात, सिंगापुर के पीएम ने दी बड़े संकट की चेतावनी

**सिंगापुर, एजेंसी।** अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे भारी टकराव के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य पिछले दो महीने से अधिक समय से बंद है, जिससे पूरी दुनिया के सामने एक गंभीर संकट खड़ा हो गया है। सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने अपनी जनता को आगाह करते हुए स्पष्ट किया है कि अगर होर्मुज का यह समुद्री रास्ता फिर से खुल भी जाता है, तो भी हालात तुरंत सामान्य नहीं होंगे। बंदरगाहों और ऊर्जा ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है, साथ ही जलमार्गों को बारूदी सुरंगों से मुक्त करने और जहाजों की सुरक्षित आवाजाही का विश्वास बहाल करने में काफी लंबा समय लगेगा। प्रधानमंत्री ने 1970 के दशक के तेल संकट की याद दिलाते हुए चेतावनी दी है कि इस रुकावट का असर सिर्फ ऊर्जा और पेट्रोल-डीजल तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि दुनियाभर में उर्वरक, खाद्य पदार्थों और अन्य जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति भी बुरी तरह से प्रभावित होगी। खाड़ी देशों पर बहुत अधिक निर्भर होने के कारण एशिया के कई देशों में पहले से ही ईंधन की भारी कमी हो गई है, जिससे उड़ानें रद्द हो रही हैं और कारखानों का काम रुक गया है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने भी इस वर्तमान संकट को 70 के दशक से कहीं ज्यादा खतरनाक बताया है। प्रधानमंत्री वोंग ने कहा है कि वैश्विक स्तर पर महंगाई और आर्थिक मंदी का खतरा बहुत तेजी से बढ़ रहा है, इसलिए आपूर्ति में होने वाली इस निरंतर बाधा और आने वाले बेहद कठिन समय का सामना करने के लिए सभी को मानसिक रूप से पूरी तरह तैयार रहना चाहिए।

## भारतीय जहाज पर हमले की यूएई ने की निंदा: बोला- समुद्री सुरक्षा से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

**अबू धाबी, एजेंसी।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शुक्रवार को अबू धाबी दौरे से ठीक पहले संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने ओमान तट के पास भारतीय ध्वज वाले एक जहाज पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है। यूएई ने इसे आतंकी हमला और अंतरराष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बताया साथ ही भारत के साथ पूरी एकजुटता की बात कही है।

**भारतीय जहाज पर हुआ हमला खतरनाक उकसावा :** यूएई के विदेश मंत्रालय (एमओएफए) ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि ओमान के समुद्री क्षेत्र के पास भारतीय जहाज पर हुआ हमला 'खतरनाक उकसावा' है, जिसका उद्देश्य अहम समुद्री रास्तों की स्थिरता को नुकसान पहुंचाना है। मंत्रालय ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय



व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाना पूरी तरह अस्वीकार्य है और इससे वैश्विक समुद्री सुरक्षा पर गंभीर असर पड़ सकता है।

**भारत के हर कदम का समर्थन - संयुक्त अरब अमीरात :** यूएई ने भारत को भरोसा दिलाया कि वह भारतीय जहाजों और समुद्री हितों की सुरक्षा के लिए उठाए जाने वाले हर कदम का समर्थन करेगा। बयान में कहा गया कि यह हमला संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के उस प्रस्ताव का उल्लंघन है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों की स्वतंत्र आवाजाही सुनिश्चित करने की बात कही गई है। यूएई ने बिना किसी देश या संगठन का नाम लिए कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे अहम समुद्री रास्तों का इस्तेमाल 'आर्थिक दबाव' या 'ब्लैकमेल' के लिए करना समुद्री डकैती जैसा है और इससे पूरे क्षेत्र की स्थिरता, लोगों की सुरक्षा और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को खतरा पैदा होता है।

**भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी की घटना की निंदा :** वहीं भारत के विदेश मंत्रालय ने भी इस घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। मंत्रालय ने कहा कि भारतीय झंडे वाले जहाज पर हमला पूरी तरह अस्वीकार्य है और व्यापारिक जहाजों तथा आम नाविकों को लगातार निशाना बनाया जाना बेहद चिंताजनक है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि जहाज पर मौजूद सभी भारतीय चालक दल सुरक्षित हैं और ओमान प्रशासन ने उन्हें बचाने में मदद की है। भारत ने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक जहाजों पर हमले और समुद्री व्यापार में बाधा डालने वाली घटनाओं से बचना चाहिए। हालांकि भारत सरकार ने अभी तक जहाज का नाम या हमले में किसी नुकसान की आधिकारिक जानकारी सार्वजनिक नहीं की है, लेकिन सरकारी सूत्रों के मुताबिक नई दिल्ली पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है। विशेषज्ञों का मानना है कि प्रधानमंत्री मोदी की अबू धाबी यात्रा के दौरान यह मुद्दा प्रमुखता से उठ सकता है। भारत और यूएई के बीच खाड़ी क्षेत्र और अरब सागर में समुद्री सुरक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर चर्चा होने की संभावना है।

## हथियार तस्करी के मामले में भारतीय मूल के युवक को सजा

**सैक्रामेंटो, एजेंसी।** अमेरिका में भारतीय मूल के 27 वर्षीय युवक जशनप्रीत सिंह को अवैध हथियारों की तस्करी और मशीन गन रखने के मामले में पांच साल चार महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। जशनप्रीत कैलिफोर्निया के लोदी शहर का रहने वाला है और उसने 'पंजाबी डेविल्स' नाम का एक मोटरसाइकिल गैंग बनाया था। यह गैंग अमेरिका के कुख्यात बाइकर्स संगठन 'हेल्स एंजल्स' से जुड़ा बताया गया है।'

**कैलिफोर्निया के स्टॉकटन इलाके में सक्रिय बाइकर गैंग :** अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक 'पंजाबी डेविल्स' कैलिफोर्निया के स्टॉकटन इलाके में सक्रिय था। अमेरिकी अटॉर्नी एरिक ग्रांट ने बताया कि जशनप्रीत सिंह को गैरकानूनी तरीके से हथियार बेचने




और मशीन गन रखने का दोषी पाया गया। अदालत में पेश दस्तावेजों के अनुसार, जून 2025 में उसने एक अंडरकवर पुलिस अधिकारी को कई खतरनाक हथियार बेचने की कोशिश की थी। इनमें शॉर्ट बैरल राइफल, तीन असॉल्ट हथियार, मशीन गन में बदलने वाले उपकरण और एक रिवॉल्वर शामिल थे।

**पुलिस की छापेमारी में घर से मिले हथियार :** इसके बाद पुलिस ने उसके घर पर छापा मारा, जहां से और भी हथियार बरामद हुए। अधिकारियों को एक मशीन गन, मशीन गन कन्वर्जन डिवाइस और साइलेंसर मिला। जांच के दौरान पुलिस को एक हैंड ग्रेनेड और सैन्य इस्तेमाल में आने वाला क्लेमोर माइन जैसा विस्फोटक भी मिला। खतरे को देखते हुए बम निरोधक दस्ते ने मौके पर ही इन विस्फोटकों को नष्ट कर दिया।

**अमेरिका से भागने की कोशिश की दौरान गिरफ्तारी :** शुरुआत में जशनप्रीत सिंह पर सैन जोएक्विन काउंटी में राज्य स्तर पर केस दर्ज किया गया था। लेकिन जुलाई 2025 में वह अदालत में पेश नहीं हुआ, जिसके बाद उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया। इसी दौरान एफबीआई को जानकारी मिली कि उसने भारत जाने के लिए टिकट बुक कर ली है और वह सैन फ्रांसिस्को एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाला है। 26 जुलाई 2025 को अमेरिकी अधिकारियों ने उसे सैन फ्रांसिस्को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गिरफ्तार कर लिया, इससे पहले कि वह भारत भाग पाता। फिलहाल वह अमेरिकी संघीय हिरासत में है।

## होर्मुज पर अमेरिका के साथ चीन, परमाणु हथियार को लेकर भी सख्त



**बीजिंग, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच बीजिंग के ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल में हुई ऐतिहासिक शिखर बैठक में दोनों नेताओं ने वैश्विक स्थिरता और द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस मुलाकात में ताइवान, हॉर्मुज स्ट्रेट, ईरान का परमाणु कार्यक्रम और आर्थिक साझेदारी जैसे अहम मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। साल 2017 के बाद चीन में दोनों नेताओं की यह पहली आमने-सामने की बैठक थी। बैठक ऐसे समय में हुई जब विश्व युद्ध की आशंकाओं, ऊर्जा संकट और आर्थिक अनिश्चितता से जूझ रहा है। जिनपिंग ने ट्रंप का औपचारिक स्वागत करते हुए ताइवान मुद्दे पर सख्त चेतावनी दी। उन्होंने इसे चीन-अमेरिका संबंधों का सबसे संवेदनशील और महत्वपूर्ण मुद्दा बताया। जिनपिंग ने चेतावनी देते हुए कहा कि ताइवान पर कोई भी गलत कदम दोनों देशों के बीच टकराव और युद्ध की स्थिति पैदा कर सकता है। उन्होंने पूछा कि क्या चीन और अमेरिका थ्यूसीडाइड्स ट्रैप से बच सकते हैं? और इसके बजाय बड़े देशों के बीच सहयोग का नया मॉडल बनाने का सुझाव दिया। दोनों नेताओं ने सहमति जताई कि विश्व के तेल व्यापार के लिए बेहद महत्वपूर्ण हॉर्मुज स्ट्रेट हमेशा खुला और सुरक्षित रहना चाहिए। जिनपिंग ने स्पष्ट किया कि चीन इस मार्ग पर किसी भी प्रकार की सैन्य तैनाती या टोल वसूली का विरोध करता है। दोनों पक्ष इस बात पर भी एकमत हुए कि ईरान कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं कर पाए। वहीं, ट्रंप ने बैठक को 'बेहद सकारात्मक और सफल' बताया। उन्होंने जिनपिंग को अपना दोस्त और महान नेता करार दिया। वाइट हाउस के अनुसार, दोनों नेताओं ने रिश्तों को और मजबूत बनाने, व्यापार सहयोग बढ़ाने, अमेरिकी कंपनियों के लिए चीनी बाजार खोलने और चीन से अमेरिकी कृषि उत्पादों की खरीद बढ़ाने पर जोर दिया। जिनपिंग ने कहा कि चीन और अमेरिका को प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि भागीदार बनना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि दोनों देशों को मिलकर काम करना चाहिए ताकि 2026 दोनों देशों के संबंधों में नया अध्याय साबित हो। दोनों नेता इस बात पर सहमत हुए कि मतभेदों को बातचीत के जरिए सुलझाया जाए और रिश्तों को कभी बिगड़ने नहीं दिया जाए। बता दें कि इस बैठक में एलन मस्क, टिम कुक समेत अमेरिका के कई प्रमुख उद्योगपतियों ने भी हिस्सा लिया।

## पाकिस्तान की वो खूबसूरत हसीना जो बनी 'कोकीन क्वीन', कराची की लेडी डॉन पिंकी कौन?

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में अपराध की दुनिया से जुड़े कई नाम समय-समय पर सामने आते रहे हैं। इस बीच 'लेडी डॉन' पिंकी का नाम इन दिनों सबसे अधिक चर्चा में है। पाकिस्तान की कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने हाई-प्रोफाइल ड्रग तस्कर अनमोल उर्फ पिंकी को गिरफ्तार किया है। कराची पुलिस और संघीय जांच एजेंसियों के संयुक्त अभियान में इस महिला को गिरफ्तार किया गया, जिस पर देश के प्रमुख शहरों में कोकीन का विशाल सप्लाई नेटवर्क चलाने का आरोप हैं।

पुलिस के अनुसार, पिंकी विशेष रूप से कुलीन वर्ग और निजी पार्टियों को नशीले पदार्थों की आपूर्ति करती थी। पुलिस ने आधिकारिक बयान में बताया कि पिंकी पूरे कराची में कोकीन और अन्य घातक ड्रग्स की सप्लाई में सक्रिय थी। छापेमारी के दौरान उसके ठिकाने से एक पिस्तौल, लाखों रुपये की कोकीन, रसायन और अन्य नशीले पदार्थ बरामद किए गए। पुलिस का दावा है कि वह देश की सबसे वांछित ड्रग सप्लायर्स में शामिल थी और लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बचती रही थी।

**किशोरावस्था से शुरू हुआ अपराध की दुनिया में सफर :** पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिंकी का जन्म 1995 में कराची के बलूच पारा इलाके में हुआ था। मात्र 14 साल की उम्र में वह घर छोड़कर चली गई थी। शुरू में मॉडलिंग का सपना देखने वाली पिंकी बाद में डांस पार्टियों और हाई-सोसायटी के जरिए प्रभावशाली लोगों से जुड़ी। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि उसने एक अंतरराष्ट्रीय वकील से शादी की, जिसके कथित रूप से वैश्विक कोकीन कारोबार से संबंध थे। बाद में उसने एक पुलिस अधिकारी से भी शादी की। अपने भाइयों नासिर और शौकत की मदद से पिंकी ने ड्रग कारोबार का विस्तार किया। उसने ऑनलाइन रिसर्च कर घरेलू स्तर पर उच्च गुणवत्ता वाली कोकीन तैयार करना शुरू कर दिया।




**अमीरों तक पहुंचा नेटवर्क :** जांचकर्ताओं के अनुसार, पिंकी का नेटवर्क कराची, लाहौर और इस्लामाबाद तक फैला हुआ था। यह मुख्य रूप से ष्ठ॥ और क्लिफ्टन जैसे महंगे इलाकों को लक्षित करता था। उसने अपना प्रोडक्ट आकर्षक नाम देकर बेचा 'क्वीन मैडम पिंकी- नाम ही काफी है, आनंद लें'। महिला कूरियर, ट्रेन, बाइक और व्हाट्सएप के जरिए डिलीवरी का जाल बिछाया गया था। बताया जा रहा है कि दो किस्म की कोकीन बेची जाती थी। पहला 'व्हाइट कोक' 8850 रुपये प्रति ग्राम और दूसरा 'गोल्डन कैटेगरी' 13728 रुपये प्रति ग्राम। पूछताछ में पिंकी ने दावा किया कि पाकिस्तान में उससे बेहतर कोकीन कोई नहीं बनाता है। इस गिरफ्तारी ने ड्रग माफिया, पुलिस भ्रष्टाचार और प्रभावशाली लोगों के संरक्षण के मुद्दों को फिर से उठा दिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, पिंकी को करीब पांच साल पहले पंजाब में गिरफ्तार किया गया था, लेकिन 2.4 करोड़ रुपये की रिश्वत देकर वह छूट गई थी। उस पर फिंगरप्रिंट मिटाने के लिए तेजाब इस्तेमाल करने का भी आरोप है। वहीं, गिरफ्तारी के बाद पिंकी की अदालत पेशी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। फुटेज में उसे बिना हथकड़ी के, सनग्लासेस लगाए और पानी की बोतल लेकर चलते दिखाया गया, जबकि जांच अधिकारी उसके पीछे-पीछे चल रहा था। इसे VIP ट्रीटमेंट बताते हुए सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रियाएं आई हैं। वीडियो वायरल होने के बाद कराची के एडिशनल ढुल आजाद खान ने इस मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं। सिंध के गृह मंत्री जियाउल हसन लांजर ने कहा कि आरोपी को प्रोटोकॉल कैसे दिया गया? सभी जिम्मेदार अधिकारियों को स्पष्टीकरण देना होगा। लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक स्वामी मुद्रक एवं संपादक हरेश पंवार द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट, प्लॉट नंबर 245 , बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 से मुद्रित एवं प्रकाशित,
मुद्रक मीना, संपादक हरेश पंवार, भीम प्रज्ञा मीडिया हाउस, बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 मो. 9983040937, –mail bheempragya@gmail.com